ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्ष: 3 अंक : 178
मेरठ, सोमवार, 29 अप्रैल 2024
(पृष्ठ: 6)
मूल्य: 2 रूपया

# दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार



एलन मस्क का भारत से रुख़ कहीं चीन को लगीं मिर्ची . 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

चुनाव से निपटते ही मुम्बई निकले भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल. 6

## एक नजर..

### आतंकियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड शहीद



जम्मू, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के एक दूरदराज के गांव में रविवार सुबह आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) के एक सदस्य की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के खात्मे के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। माना जा रहा है कि ये आतंकवादी हाल ही में पाकिस्तान से घुसपैठ करके यहां आये हैं।अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ के पनारा गांव में पुलिस और ग्राम रक्षा गार्ड के गश्ती दल की संदिग्ध आतंकवादियों से सुबह करीब पौने आठ बजे मुठभेड़ हुई। उनके अनुसार, आधे घंटे से अधिक समय तक हुई गोलीबारी के बाद आतंकवादी जंगल की तरफमें भाग गए और सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया।अधिकारियों ने बताया कि खानेड निवासी वीडीजी के सदस्य मोहम्मद शरीफ गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हाल ही में आतंकवादियों के दो समूहों की कठुआ से बसंतगढ़ की ओर जाने की जानकारी मिली थी। उन्होंने बताया कि पांच आतंकियों वाले एक समूह से टकराव हो गया और दूसरे समूह का पता नहीं चल पाया है।

### पाक नौका से पकड़ी 600 करोड़ की ड्रग्स सागरमंथन- 70 दिन में तीसरा बड़ा संयुक्त अभियान



नयी दिल्ली, सुरक्षा एजेंसियों ने एक पाकिस्तानी नौका से करीब 600 करोड़ रुपये मूल्य के 86 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त करके 14 पाकिस्तानियों को गिरफ्तार किया है। नौका को गुजरात के पोरबंदर के पश्चिम में समुद्र से जब्त किया गया।

इसके लिए भारतीय तटरक्षक बल, गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने साझा अभियान चलाया। एनसीबी ने अभियान को सागरमंथन-प्प् नाम दिया और कहा कि पिछले 70 दिनों में यह ऐसा तीसरा बड़ा व सफ्ल समुद्री ऑपरेशन था। इससे पहले फ्रवरी में 3300 किलोग्राम, जबकि मार्च में 62 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए गये थे।

आतंकवाद निरोधक दस्ते को गुप्त सूचना मिली थी कि एक विदेशी नौका नशीले पदार्थों और विदेशी नागरिकों को लेकर भारतीय जल सीमा में आ रही है। अभियान के लिए तटरक्षक बल के जहाजों और विमानों को तैनात किया गया था। एनसीबी और एटीएस अधिकारियों की मदद से संदिग्ध नाव की पहचान करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल के जहाज राजरतन का इस्तेमाल किया गया।

ड्रग्स से लदी नाव ने तटरक्षक बल से बचने की कोशिश की। इस दौरान आईसीजीएस राजरतन की विशेषज्ञ टीम तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध नाव पर चढ़ गई। गहन जांच के बाद नौका से बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि हुई। चालक दल सहित पाकिस्तानी नौका को जब्त कर लिया गया और आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया गया। तटरक्षक बल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में ऐसे 11 सफ्ल अभियान चलाए गए हैं।

मोदी का राहुल पर वार

# शहजादे ने राजाओं का अपमान किया, नवाबों पर चुप



बेलगावी (कर्नाटक), (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने, लेकिन नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों द्वारा किए गए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने 'विरासत कर' मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ हमला जारी रखा और कानून व व्यवस्था की स्थिति को लेकर कर्नाटक में पार्टी की सरकार पर निशाना साधा।

यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, भाजपा लोगों की संपत्तियां बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का शहजादा और उनकी बहन यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश का एक्स-रे करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, 'वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और महिलाओं के आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ये लोग हर घर पर छापा मारेंगे और आपकी संपत्ति पर कब्जा करेंगे। कब्जा करने के बाद वे इसे पुनरू वितरित करने की बात कर रहे हैं, वे उसे अपने प्रिय वोट बैंक को देना चाहते हैं3 क्या आप इस लूट को होने देंगे?'

मोदी ने कहा, 'कांग्रेस ने तुष्टीकरण और वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए हमारा इतिहास और स्वतंत्रता संघर्ष लिखा। आज भी कांग्रेस के शहजादे उस पाप को आगे बढ़ा रहे हैं। आपने कांग्रेस के शहजादे का हालिया बयान सुना होगा- वह कहते हैं कि भारत के राजा और महाराजा अत्याचारी थे।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'उन्होंने राजाओं, महाराजाओं पर लोगों तथा गरीबों की जमीन और संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया3 कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी महान शख्सियतों का अपमान किया है, जिनका प्रशासन और देशभक्ति आज भी हमें प्रेरित करता है।'

# केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई आज



नयी दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार 29 अप्रैल को सुनवाई करने वाला है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ सुनवाई कर सकती है। केजरीवाल ने पहले शीर्ष अदालत से कहा था कि उनकी अवैध गिरफ्तारी स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र के सिद्धांतों पर एक अभूतपूर्व हमला है। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और वह न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं।

**सीएम मान कल जाएंगे तिहाड़**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 30 अप्रैल को तिहाड़ जेल में अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करेंगे। आम आदमी पार्टी के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। तिहाड़ में मान की केजरीवाल से यह दूसरी मुलाकात होगी। पार्टी सूत्रों ने यह भी बताया कि अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता सोमवार 29 अप्रैल को उनसे मिलना चाहती थीं, लेकिन जेल प्रशासन ने अनुमति नहीं दी।

# मोदी अरबपतियों के लिए चलाते हैं सरकार


## राहुल का प्रधानमंत्री पर पलटवार



कटक, (एजेंसी) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र में अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के 'चुनिंदा लोगों' के लिए काम करती है। गांधी ने कटक के सालेपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि भले ही बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं।

गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही पटनायक मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वी के पांडियन चला रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी और पटनायक की कथित साझेदारी पर निशाना साधते हुए कहा, 'अंकल-जी और नवीन-बाबू ने ओडिशा को 'पीएएनएन' दिया है, अर्थात पांडियन, अमित शाह, नरेन्द्र मोदी और नवीन पटनायक। उन्होंने आपका धन लूट लिया है।' उन्होंने कहा, 'खनन घोटाले के जरिये नौ लाख करोड़ रुपये लूटे गए। जमीन हड़पकर 20,000 करोड़ रुपये लूटे गए। पौधरोपण घोटाला 15,000 करोड़ रुपये का था। जैसे ही यहां और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनेगी, हम आपको आपका पैसा वापस देना शुरू कर देंगे।'गांधी ने दावा किया कि इसी तरह, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) भाजपा के साथ काम करती थी और कांग्रेस पार्टी ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया। कांग्रेस नेता ने कहा, 'नवीन-बाबू ने आपको पांडियन दिया है, मैं आपको बताऊंगा कि कांग्रेस आपको क्या देगी। अगर हम केंद्र की सत्ता में आये तो पांच क्रांतिकारी कार्य करेंगे।

# संघ प्रमुख ने आरक्षण का किया समर्थन



हैदराबाद, (एजेंसी) भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरक्षण को लेकर विपक्ष के हमले के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संगठन ने हमेशा संविधान के अनुसार आरक्षण का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि संगठन 'भेदभाव' व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है।

यहां विद्या भारती विज्ञान केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का उल्लेख किया और कहा कि इसमें झूठा दावा किया गया है कि आरएसएस आरक्षण का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि वीडियो में उन्हें एक बैठक करते दिखाया गया है, जबकि इस तरह की कोई बैठक नहीं हुई है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जब से आरक्षण अस्तित्व में आया है, संघ ने संविधान के अनुसार इसका पूरी तरह समर्थन किया है। उन्होंने कहा, 'संघ का कहना है कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक लोग, जिन्हें यह दिया गया है, महसूस करें कि उन्हें इसकी आवश्यकता है।' कथित वीडियो का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से उसे भी दिखाया जा सकता है, जो नहीं हुआ।

वहीं, भागवत की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज कह रहा है कि वह आरक्षण के खिलाफनहीं है, लेकिन पहले उसने आरक्षण का विरोध करने की बात कही थी।

# लोगों से 'तानाशाही' के विरुद्ध मतदान की अपील

## सुनीता केजरीवाल ने खुद को बताया 'मां भारती की बेटी'



नयी दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को खुद को 'मां भारती की बेटी' बताते हुए लोगों से 'तानाशाही' के विरुद्ध तथा लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदान करने की अपील की।

पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी महाबल मिश्रा के समर्थन में प्रचार करते हुए उन्होंने अपने पति को 'शेर' करार दिया और कहा कि कोई उन्हें तोड़ नहीं सकता।

एक वाहन पर खड़ी सुनीता ने मतदाताओं का अभिवादन किया। इस रोडशो के दौरान उनपर पुष्प बरसाये गये। सुनीता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इसलिए जेल में डाला गया क्योंकि उन्होंने स्कूल बनवाये, मुफ्त बिजली दी और मोहल्ला क्लीनिक खोले। उन्होंने कहा, 'आपका मुख्यमंत्री शेर है। कोई उन्हें तोड़ नहीं सकता, न ही उन्हें झुका सकता। वह मां भारती के सपूत हैं। मां भारती की बेटी के तौर पर मैं आपसे तानाशाही के विरोध में एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदान करने की अपील करती हूं। कृपया, अपने वोट का महत्व समझिए।'

एक धनशोधन मामले में केजरीवाल के सलाखों के पीछे रहने के बीच उनकी पत्नी सुनीता लगातार आप के चुनाव प्रचार की अगुवाई कर रही हैं तथा रोडशो कर रही हैं। पार्टी नेताओं ने बताया कि सुनीता केजरीवाल दक्षिण दिल्ली एवं नयी दिल्ली लोकसभा क्षेत्रों तथा गुजरात, हरियाणा एवं पंजाब में भी आप प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगी।

# आतिशी का दावा- 'आप' के चुनाव प्रचार गीत पर लगाया गया प्रतिबंध



नयी दिल्ली, (एजेंसी) आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को दावा किया कि निर्वाचन आयोग ने उसके लोकसभा चुनाव प्रचार गीत 'जेल का जवाब, वोट से देंगे' पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, आयोग ने कहा है कि पार्टी को गाने में संशोधन करने को कहा गया है।

आप के दो मिनट से अधिक के प्रचार गीत को पार्टी के विधायक दिलीप पांडे ने लिखा और गाया है। यह गीत बृहस्पतिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में जारी किया गया था। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि गाने पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया, लेकिन आयोग के दिशानिर्देशध् मानदंडों के अनुसार कुछ संशोधनों के साथ प्रस्ताव फ्रि से जमा करने के लिए कहा गया था। दिल्ली चुनाव आयोग ने कहा कि कुछ तस्वीरें व वाक्यांश असत्यापित तथ्यों के आधार पर सत्तारूढ़ दल की आलोचना हैं और न्यायपालिका तथा पुलिस पर भी संदेह पैदा करते हैं।

वहीं, आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में निर्वाचन आयोग पर 'भाजपा का राजनीतिक हथियार' बनने और इसके उल्लंघन पर आंखें मूंद लेने का आरोप लगाया। उन्होंने पूछा, 'क्या निर्वाचन आयोग सच्चाई को दबाना चाहता है? क्या चुनाव एजेंसी पुलिस के कदाचार या भाजपा द्वारा जांच एजेंसियों के राजनीतिक दुरुपयोग को छिपाना चाहती है?' आतिशी ने कहा, 'यह संभवतरू पहली बार है कि निर्वाचन आयोग ने किसी पार्टी के प्रचार गीत पर प्रतिबंध लगाया है।'

# शुरुआती दो चरणों में मात्र 8 फीसदी महिला उम्मीदवार




नयी दिल्ली, (एजेंसी) लोकसभा चुनाव के शुरुआती दो चरणों के दौरान चुनावी मैदान में उतरे कुल 2823 उम्मीदवारों में से केवल आठ प्रतिशत महिलाएं थीं। राजनीतिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह आंकड़ा लैंगिक आधार पर पूर्वाग्रह की गंभीर समस्या को दर्शाता है और महिलाओं को सशक्त बनाने की बातें खोखली लगती हैं।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 135, जबकि दूसरे में 100 महिला उम्मीदवार थीं। पहले चरण में महिला उम्मीदवारों की संख्या के मामले में तमिलनाडु शीर्ष पर रहा। राज्य में पहले चरण में 76 महिला उम्मीदवार थीं, लेकिन राज्य के कुल उम्मीदवारों में उनकी हिस्सेदारी केवल आठ प्रतिशत थी। वहीं, दूसरे चरण में सबसे अधिक 24 महिला उम्मीदवार केरल से चुनावी मैदान में उतरीं। पार्टी-वार देखा जाए तो शुरुआती दो चरण में कांग्रेस ने 44 महिलाओं, जबकि भाजपा ने 69 महिलाओं को मैदान में उतारा।

इस लैंगिक असंतुलन की राजनीतिक विश्लेषकों और कार्यकर्ताओं ने आलोचना की। उनका सवाल है कि दल महिला आरक्षण विधेयक के लागू होने का इंतजार क्यों कर रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुशीला रामास्वामी ने कहा कि राजनीतिक दलों को महिला उम्मीदवारों की संख्या बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा, 'राजनीतिक दलों को अधिक अग्रसक्रिय होना चाहिए था और अधिक महिला उम्मीदवारों को खड़ा करना चाहिए था।'

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इफ्तिखार अहमद अंसारी ने कहा कि भारत के कुल मतदाताओं में लगभग आधी संख्या महिलाओं की है, ऐसे में उम्मीदवारों के रूप में उनका कम प्रतिनिधित्व राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी को रोकने वाली बाधाओं को लेकर सवाल खड़े करता है। उन्होंने प्रतीकात्मक कदम उठाने और वादे करने के बजाय राजनीति में महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की खातिर संरचनात्मक सुधारों के महत्व पर जोर दिया।

**बीजद की पहल**

बीजू जनता दल (बीजद) एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो महिला उम्मीदवारों को नीतिगत तौर पर 33 प्रतिशत टिकट देती है। बीजू महिला दल की राज्य इकाई की उपाध्यक्ष मीरा परिदा ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने की अपनी पार्टी की पहल की सराहना की। उन्होंने व्यापक सुधारों की वकालत करते हुए कहा, 'केवल सीट आरक्षित करना पर्याप्त नहीं है। हमें एक सांस्कृतिक बदलाव की जरूरत है, जिसमें महिलाओं को नेता और निर्णय लेने वालों के रूप में देखा जाए।'

# अरविंदर लवली का दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा



नयी दिल्ली, (एजेंसी) लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को झटका देते हुए पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद इस्तीफा दे दिया और इसका एक कारण आम आदमी पार्टी (आप) के साथ गठबंधन को बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफथी, लेकिन पार्टी आलाकमान ने इसे स्वीकृति दे दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को शनिवार को भेजे इस्तीफे में लवली ने यह भी कहा कि दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया रोक लगा देते थे।

खड़गे को लिखे पत्र में लवली ने कहा, 'मैं लाचार महसूस कर रहा हूं और दिल्ली पार्टी इकाई का अध्यक्ष बने रहने में असमर्थ हूं।3 मैं पार्टी कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा नहीं कर सकता हूं तो मुझे इस पद पर बने रहने की कोई वजह नजर नहीं आ रही है।'

शीला दीक्षित की सरकार में मंत्री रहे लवली को पिछले साल अगस्त में दिल्ली कांग्रेस प्रमुख नियुक्त किया गया था। लवली ने कहा, 'दिल्ली इकाई ऐसी पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफथी, जो कांग्रेस के खिलाफझूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोपों के आधार पर बनी3 पार्टी के आधे कैबिनेट मंत्री अभी भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं।' उन्होंने जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रशंसा करने के लिए उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार की भी आलोचना की। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि लवली ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर इस्तीफा देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'लवली ने अपने इस्तीफे के लिए जो कारण बताया वह एक खुला रहस्य है।'

## एक नजर..

### श्री हनुमान वाटिका सेवा समिति द्वारा डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी को किया गया सम्मानित



युरेशिया संवाददाता

बड़ौत। श्री हनुमान वाटिका सेवा समिति के द्वारा आयोजित विशाल श्री बालाजी जागरण में कार्यक्रम में डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी को सम्मानित किया गया।


इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक समाजसेवी धर्मेन्द्र जैन व अमित जैन ने समाजसेवियों ओर धर्मानुरागियों को सम्मानित किया इसी कड़ी में धर्मेन्द्र जैन व डॉ जे के जैन ने डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी को पगडी पहनाकर, पटका ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया।

श्री बालाजी जागरण में गायक कलाकारों ने सभी धर्मप्रेमियों को झूमने पर विवश कर दिया। डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे श्री बालाजी के दरबार में आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर डॉ जे के जैन, डॉ योगेश जिन्दल, धर्मेन्द्र जैन, अमित जैन गुरूजी, रवि जैन, पंकज जैन, रीतिक जैन, अंकुर जिन्दल, सुशील वत्स, मोनू राणा आदि भी उपस्थित रहे।

### मानव जीवन की रक्षा के लिए पानी की बूंद बूंद को बचाएं : हाजी यासीन

विपुल जैन /युरेशिया



बागपत। प्रमुख समाज सेवी हाजी यासीन ने लोगों को जल का महत्व बताया और मानव जीवन की रक्षा के लिए उन्हें पानी की बूंद-बूंद बचाने की सलाह दी।

हाजी यासीन ने कहा कि जल ही जीवन है, इसके बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव जीवन जल पर ही टिका हुआ है, लेकिन यह बहुत ही विडम्बना है कि आज जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। लोग पानी को बर्बाद करने पर तुले हुए है। सबमर्सिबल के जरिये पानी को व्यर्थ बहाया जा रहा है। पशुओं को नहलाने व गाड़ियों को धोने में हर रोज कई सौ लीटर पानी की बर्बादी की जा रही है। लोगों को पानी की कीमत समझनी पड़ेगी। यदि समय रहते उन्होंने इस तरफध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में इसका खामियाजा हमारी युवा पीढ़ी को ही भुगतना पड़ेगा। समाज के सभी वर्गों के लोगों को इसके लिए आगे आना चाहिए। जगह-जगह जन जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने चाहिए। रैलियां निकालनी चाहिए और गोष्ठियों व सेमिनार का आयोजन करना चाहिए, तभी पानी की बर्बादी को रोका जा सकता है।

# वैंकटेश्वरा संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने वाली महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक योजना चलो गाँव की ओर का शानदार शुभारम्भ

**योजना के अर्न्तगत वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय की 20 मेडिकल टीमें पूरे वर्ष पश्चिमी यू.पी. के मेरठ मुरादाबाद मंडल के 700 से अधिक गाँवों में निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर करेगी आयोजित। दो दर्जन गाँव गोद लेकर संस्थान चलायेगा सर्व शिक्षा एवं सर्व स्वास्थ्य अभियान।**

**चलो गाँव की ओर योजना के शैक्षणिक गतिविधियों के दूसरे चरण में वैंकटेश्वरा यू.पी. बोर्डध् सी.बी.एस.ई. एवं अन्य बोर्ड के ''निर्धन लेकिन मेधावी'' छात्र-छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने पर छात्रवृत्ति प्रदान करेगा**

**भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि योजना जैसी शानदार स्वास्थ्य योजनाओं से आज गरीब आदमी भी लाखों रुपये का इलाज मुफ्त में करा रहा है। - डॉ. सुधीर गिरि, संस्थापक अध्यक्ष, वैंकटेश्वरा समूह**

**चिकित्सा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य मानव जीवन की बुनियादी जारूरत एवं अधिकार, पश्चिमी यू.पी. के हजारों लोग प्रतिदिन वैंकटेश्वरा की निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का उठा रहे लाभ - डॉ. राजीव त्यागी, प्रतिकुलाधिपति, श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय**



युरेशिया संवाददाता

पश्चिमी यू.पी. के गाँव-गाँव जाकर लोगों का निःशुल्क उपचार देने वाली ''एडवांस लाइफ केयर सपोर्ट सिस्टम'' से लैस चार एम्बुलेंस को समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी एवं स्टॉफ के साथ मिलकर हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

मेरठ।आज राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वैंकटेश्वरा समूह के श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय एवं विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वाँधान में पश्चिमी यू.पी. के मेरठ व मुरादाबाद मण्डल के ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने वाली महत्वाकाँक्षी योजना चलो गाँव की ओर का शानदार शुभारम्भ हो गया। इस योजना के तहत वैंकटेश्वरा हॉस्पीटल के 200 से अधिक अनुभवी चिकित्सकों की 20 टीमें मेरठ, मुरादाबाद के सात सौ से अधिक गाँवों में जाकर लोगो को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान करेंगी। इसी योजना के तहत संस्थान यू.पी.ध् सीबीएसई बोर्ड के 'निर्धन लेकिन मेधावीध् टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने पर विशेष छात्रवृत्तिदेकर प्रोत्साहित करेगी। इसके साथ ही संस्थान उन्नत भारत अभियान एवं 'विकसित भारत के तहत चिन्हित दो दर्जन गाँवों को गोद लेकर वहाँ शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के उत्थान के लिए काम करेगी।

वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालयध् संस्थान के डॉ. सीवी रमन सभागार में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक योजना चलो गाँव की ओर का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सीईओ आजय श्रीवास्तव, कुलपति डॉ. ए.के. शुक्ला आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित कर एवं इस योजना का पोस्टर लाँच करके किया।

इस अवसर पर हॉस्पीटल सी.ई.ओ. डॉ. एच.पी. सिंह, कुलसचिव पीयूष पाण्डे, हॉस्पीटल मार्केटिंग डायरेक्टर एम.ए. चौधरी, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डायरेक्टर मार्केटिंग तरूण कम्बोज, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. रामनिवास शर्मा, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. अनिल कुमार जैसवाल, डॉ. विश्वनाथ झा, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# सिल्वर मेडल जीतने पर दीपांशी पवार का किया गया भव्य स्वागत

विपुल जैन / युरेशिया



बागपत। केरल के कोच्चि में प्रथम साउथ एशियन महिला जूड़ो चौपियनशिप में शबगा गांव की बालिका दीपांशी पंवार ने सिल्वर मेडल जीता। शबगा निवासी किसान की बेटी दीपांशी पंवार हरियाणा के करनाल जिले के मोर माजरा स्थित आर्य कन्या गुरुकुल की कक्षा 11 की छात्रा है। उसने इस प्रतियोगिता में 78 किलोभार वर्ग में भागीदारी करते हुए सिल्वर मेडल जीता। रविवार को दीपांशी पंवार को लेकर गुरुकुल के पदाधिकारी शबगा गांव में पहुंचे। इससे पहले जूड़ो खिलाड़ी दीपांशु पंवार का बड़ौत में बजाज बाइक एजेंसी पर अरुण तोमर उर्फ बोबी के नेतृत्व में स्वागत किया। इसके बाद लोयन में चेयरमैन धर्मेन्द्र लोयन के नेतृत्व में आदर्श नंगला में संजीव मान पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने स्वागत किया। शबगा में ग्रामीणों ने मैंनेजर धर्मेन्द्र पंवार के नेतृत्व में सम्मान समारोह किया। मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाज सेविका अंजू खोखर ने भी दीपांशी पवार का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और उसे बधाई दी। इस मौके पर आर्य कन्या गुरुकुल के अध्यक्ष जसवीर मान, इंटरनेशनल जूड़ो कोच रितु मान, एड. सुखवीर सिंह, भूपेन्द्र मान, ईश्वर मान,गुरुदेव सिंह कादियान,चौ ओमप्रकाश, धर्मपाल सिंह,प्रमोद सिंह, प्रमोद पंवार चेयरमैन, वेदपाल सिंह,ओमवीर सिंह,रामपाल सिंह,विक्रम सिंह,भीम प्रधान,धर्मेन्द्र मैनेजर,अशोक पंवार आदि मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के ट्वीट से सियासी गलियारों में हलचल

युरेशिया संवाददाता




मेरठ। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के एक्स पर किए गए एक ट्वीट ने सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। हालांकि उन्होंने सवाल उठाए जाने पर इस ट्वीट को डिलीट भी कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का एक ट्वीट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने लिखा है कि जब किसी का दोहरा चरित्र सामने आता है तो उससे अधिक स्वयं पर क्रोध आता है कि हमने कैसे आंख बंद करके ऐसे इंसान पर भरोसा किया। भाजपा के मेरठ लोकसभा से प्रत्याशी हैं रामायण सीरियल में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल। बता दें कि सोशल मीडिया पर उनकी यह पोस्ट तुरंत वायरल हो गई, लेकिन कहा जा रहा है कि सवाल उठने पर एक्स हैंडल से इसे डिलीट कर दिया गया है। वहीं अरुण गोविल ने इस ट्वीट के जरिए क्या इशारा किया है, और बिना नाम लिए वह किस पर तंज कस रहे हैं, इस मामले में भाजपा नेता कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

# ईवीएम में कैद हुई प्रत्याशियों की किस्मत, चर्चाओं का बाजार गर्म

युरेशिया संवाददाता







मेरठ। उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण सीट से मानी जाने वाली मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है।मतगणना के बाद किसको शह मिलेगी और किसको मात यह तो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन जिला भर में चल रही चुनावी चर्चाओं के दौरान लोगों ने जीत हार के आंकड़े लगाने शुरू कर दिए हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भले ही गठबंधन की पार्टियां विधानसभा चुनाव से अलग हैं, मगर विधानसभा चुनाव के आंकड़ों के सहारे भी जीत-हार का गणित लगाया जा रहा है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र में यदि विधानसभा चुनावों का अतीत दोहराया गया तो परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं। वहीं भाजपा का गढ़ माने जाने वाली मेरठ- हापुड़ लोकसभा सीट पर जनता जीत- हार के आंकड़ों का गणित लगा रही है। कुछ लोग मतदान प्रतिशत से चुनाव को देख रहे हैं तो कुछ ने 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को मिले वोट प्रतिशत से लोकसभा चुनाव के परिणाम का आंकड़ा लगाना शुरू कर दिया है। इन जीत हार के आंकड़ों में जातिगत आंकड़ों को भी साधकर देखा जा रहा है। बात अगर सन 2022 के चुनावी परिणाम की करी जाए तो मेरठ लोकसभा की पांच विधानसभा सीटों में से दो सीटों पर भाजपा और दो पर समाजवादी पार्टी और एक विधानसभा सीट पर सपा और रालोद गठबंधन कब्जा है, लेकिन चौधरी जयंत सिंह के भाजपा के साथ जाने के बाद अब पांच विधानसभा सीटों में तीन सीटों पर भाजपा का कब्जा माना जा रहा है। हालांकि चुनावी समीकरण के जानकार लोकसभा चुनाव में मुददों के आधार पर होने वाले वोट से चुनाव परिणाम आने आने की बात कर रहे हैं। साथ ही विधान सभा और लोकसभा चुनाव के परिणाम भी अलग तरीके से आते रहे हैं। मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र में मेरठ शहर, मेरठ कैंट, मेरठ दक्षिण, किठौर विधानसभा के साथ हापुड़ विधानसभा भी आती है। निर्वाचन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार मेरठ लोकसभा सीट पर 19 लाख 87 हजार 311 मतदाता हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन से भाजपा से प्रत्याशी अरुण गोविल, और इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी पूर्व महापौर सुनीता वर्मा चुनावी मैदान में है तो वहीं बसपा सुप्रीमों मायावती ने किसी भी गठबंधन में शामिल ना होकर अकेले चुनावी ताल ठोकी है, जिन्होंने देवव्रत त्यागी को प्रत्याशी बनाकर मेरठ-हापुड़ लोकसभा के चुनावी मैदान में उतारा है। लोकसभा चुनाव में अगर मेरठ जिले की चार और हापुड़ की एक विधान सभा सीट पर राजनीतिक दलों को 2022 के चुनाव में प्रत्याशियों के पक्ष में हुए मतदान की बात करें तो इस चुनाव में इन विधानसभा सीटों पर कुल 1244960 लाख मत पड़े थे। और 2017 में मिले मतों के मुताबिक 2022 में मेरठ शहर, मेरठ कैंट, मेरठ दक्षिण, किठौर और हापुड़ विधान सभा सीट पर भाजपा का मत प्रतिशत काफी बढ़ा हुआ दर्ज किया गया था। उधर मेरठ शहर और किठौर सीट पर सपा के मत प्रतिशत में भी बढोत्तरी दर्ज है। हापुड़ और मेरठ की विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के मत प्रतिशत में कहीं काफी गिरावट तो कहीं कुछ राहत मिली थी। हापुड़ को छोड़कर मेरठ की चारों विधानसभा सीटों पर बसपा के वोट बैंक में भारी गिरावट दर्ज की गई थी। अब लोग कयास लगा रहे हैं कि अगर लोकसभा चुनावों में भी विधानसभा चुनाव 2017 और 2022 में मिले वोट प्रतिशत के आंकड़े दोहराए गए तो चुनाव परिणाम चौंकाने वाले आ सकते हैं। कुल मिलाकर चुनावी परिणाम क्या होगा यह तो मतगणना के बाद ही पता चलेगा फिलहाल बाजारों और चाय की दुकानों आदि पर मौजूद लोगों के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन

युरेशिया संवाददाता




मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अंजू सिंह के निर्देशन व महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ के तत्वाधान में बौद्धिक संपदा दिवस ( प्दजमससमबजनंस च्तवचमतजल त्पहीजे क्ंल) , 26 अप्रैल, 2024 के उपलक्ष्य में बौद्धिक संपदा अधिकार नामक विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान हेतु महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग में कार्यरत डॉ. गौरी उपस्थिति रहीं। डॉ. गौरी ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बौद्धिक संपदा अधिकारों की जानकारियां दी व समस्त उपस्थित प्रतिभागियों को बताया कि किस प्रकार हम अपने शोध कार्य को पेटेंट या कॉपीराइट करवा सकते हैं। कैसे हम अपने बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा अलग-अलग स्तरों पर कर सकते हैं ,इसके बारे में डॉ. गौरी ने विभिन्न प्रकार के एक्ट्स के बारे में सभी के साथ चर्चा की। उन्होंने उपस्थित शोधार्थियों के विभिन्न प्रश्नों के भी उत्तर दिए वह उन्हें स्कोपस में शोध पत्र प्रकाशन के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अंजू सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा की किसी देश में किए गए शोध कार्यों से हम उस देश की प्रगति का अंदाजा आसानी से लगा सकते हैं। अनुसंधान भी जरूरी है परंतु साथ में सभी के बौद्धिक संपदा के अधिकारों की रक्षा भी बहुत जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. पूनम भंडारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की नवोन्मेष प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रो. गीता चौधरी, सदस्य डॉ ज्योति चौधरी व डॉ. ऋचा राणा, महाविद्यालय में अध्यनरत शोधार्थी व छात्राएं उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ मंत्री के संस्थान में कुंबल कर बदमाशों ने की लाखों की चोरी

युरेशिया संवाददाता


मेरठ। वरिष्ठ मंत्री ललित गुप्ता के अमूल जय श्री मार्केटिंग स्थित उनके प्रतिष्ठान हापुड़ रोड पर कुंबल कर बदमाशों ने की कई लाख रुपए चोरी कर लिए। बताया गया कि बदमाश अपने साथ मौके से सीसीटीवी कैमरा और लगभग 8-10 लाख कैश ले गए हैं। मौके पर व्यापार संघ के पदाधिकारी पहुंचे और पुलिस प्रशासन से घटना के तुरंत खुलासा करने की मांग की है।

### गुलदार ने एक किसान के घेर में बंधी गोवंश को अपना शिकार बना

'आमिर पठान /युरेशिया

अफ्जलगढ़। क्षेत्र के गांव पर्वतपुर में बीती रात गुलदार ने एक किसान के घेर में बंधी गोवंश को अपना शिकार बना लिया। जब किसान सुबह अपने घेर में पहुंचा तो उसने गोवंश को मृत अवस्था में पाया। लगातार आबादी में गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत है। गौरतलब है कि बीती रात गांव पर्वतपुर में किसान गजेंद्र सिंह पुत्र गंगाराम के घेर में एक बछिया बंधी हुई थी। शुक्रवार की देर रात्रि को किसी समय गुलदार ने उसके घेर में बंधी बछिया पर हमला कर उसे अपने निवाला बनाकर मार डाला जब वह सुबह अपने पशुओं को चारा देने गया तो उसने देखा कि उसकी बछिया मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। ग्रामीण पिंटू चौहान, महेन्द्र कुमार, टिंकू चौहान, राजेन्द्र सिंह,मोहित कुमार, हरवीर सिंह, सुनील तथा अनिल कुमार आदि ने बताया कि गुलदार लगातार आबादी के बीच में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कई बार वन विभाग को इसकी सूचना दी लेकिन वन विभाग द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को पकड़कर जंगल में छुड़वाने की मांग की है। उधर इस संबंध में वन विभाग के वन दरोगा जगत सिंह राणा ने गुलदार से ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी एक टीम भेजकर शीघ्र ही गांव में एक पिंजरा लगाया जाएगा और गुलदार को पकड़कर जंगल में छोड़ा जाएगा।

### सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत। एक साथ जली तीन चिता



लियाकत मलिक /युरेशिया

बढ़ापुर। बढ़ापुर के मोहल्ला नौमी निवासी स्वर्गीय महेंद्र सिंह का युवा पुत्र प्रिंस 18 वर्ष, अमर सिंह कश्यप का पुत्र गौरव 22 वर्ष व नरपल सिंह का 18 वर्षीय पुत्र वंश शुक्रवार की शाम नगीना निवासी अपने परिचित के शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। नगीना से बारात रायपुर थाना क्षेत्र के गांव मिर्जानिकपुर गई थी। तीनों युवक भी बारात में शामिल होने गए थे वहां से देर रात वापस लौटते से समय नगीनानजीबाबाद मार्ग पर गांव खुशहालपुर मठेरी की नहर पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना में प्रिंस व गौरव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि वंश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनको उपचार के लिए सीएचसी नगीना ले जाया गया। गंभीर हालत देखते हुए नगीना से बिजनौर अस्पताल भेज दिया गया और वहां से घायल को मेरठ रेफर कर दिया गया। मेरठ में वंश की भी मौत हो गई। तीनों युवक दोस्त थे एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे। घटना के चलते मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलोत ने मृतक के परिवार में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा परिवार को ढाडस बंधाया अरविंद गहलोत चिताओं को अग्नि देने तक परिवार वालों के साथ रहे

# पत्नी गई मायके, पति ने खाना-पीना छोड़ा ससुरालियों पर मारपीट का आरोप


युरेशिया संवाददाता

मेरठ। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में एक महिला ने किराये के मकान पर रहने से मना कर दिया। जिसके बाद महिला अपने मायके चली गई। पत्नी के मायके जाने से परेशान युवक ने एक हफ्ते से खाना पीना छोड़ दिया। पीड़ित ने थाने पहुंच कर इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। लाला मोहम्मदपुर गांव निवासी अनीस पुत्र हनीफ ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका निकाह लगभग एक साल पूर्व झारखंड निवासी युवती से हुई था। वह अपनी पत्नी को लेकर गांव में ही एक मकान में किराये पर रह रहा था। पीड़ित का आरोप है कि निकाह के कुछ दिन बाद ही पत्नी ने किराये के मकान में रहने से इन्कार कर दिया था। पति के अनुसार लगभग सात माह पूर्व पत्नी झगड़ा कर अपने मायके चली गई थी। उसके बाद उसने कई बार अपनी पत्नी से संपर्क करने का प्रयास किया था, लेकिन ससुराल वालों ने संपर्क नहीं कराया। जिसके बाद वह अपनी पत्नी को लेने के लिए झारखंड गया था।आरोप है कि ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। लगभग एक हफ्ते से पति ने पत्नी की याद में खाना पीना छोड़ दिया है। पति का कहना है कि जब तक उसकी पत्नी उसे नहीं मिल जाती वह खाना नहीं खाएगा। जिसको लेकर पति ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी विष्णु कौशिक का कहना है कि तहरीर मिल गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय


### महंगाई की फिक्र
### मौसम व वैश्विक परिस्थितियां की चुनौती

ऐसे वक्त में जब केंद्रीय बैंक खुदरा मुद्रास्फीति को काबू पाने के मिशन में कामयाबी की तरफबढ़ता नजर आ रहा था, प्रतिकूल मौसमी हालात तथा बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों ने चिंता बढ़ायी है। यही वजह है कि निर्धारित चार फीसदी तक मुद्रास्फीति नियंत्रण के लक्ष्य को लेकर अनिश्चितता पैदा हुई है। दरअसल, बीते माह में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 4.9 फीसदी रहने पर केंद्रीय बैंक समेत आर्थिक विशेषज्ञ उत्साहित थे कि अब चार फीसदी के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। दरअसल, इसी मकसद से केंद्रीय बैंक ने अप्रैल 2023 के बाद से रेपो दरों में किसी तरह का बदलाव नहीं किया। केंद्रीय बैंक को आशंका थी कि रेपो दरों में बदलाव से महंगाई बढ़ सकती है। ऐसे में आरबीआई मुद्रा स्फीति की मौजूदा स्थिति को लेकर आशावान है। लेकिन साथ ही चिंतित है कि मौसम के मिजाज में लगातार आ रहे बदलाव तथा दो साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध व हालिया गाजा संकट से वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ सकती है। जिसका असर भारत पर पड़ना लाजिमी है। इन्हीं आशंकाओं के चलते केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति को नहीं बदला है। वहीं दूसरी ओर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पैनी निगाह रखने वाली सीएमआईई की रिपोर्ट में विश्वास जताया गया है कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक खुदरा मुद्रास्फीति पांच साल के न्यूनतम स्तर तक पहुंच सकती है। लेकिन मौसमी अस्थिरता इस मार्ग में बाधक बन सकती है। दरअसल, वैश्विक मौसम संगठन के संकेत हैं कि विपरीत मौसमी स्थितियां हमारी कृषि अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। जिसका सीधा असर खाद्यान्न महंगाई पर पड़ सकता है। हालांकि, भारत की सकल घरेलू उत्पाद दर के फिलहाल सात फीसदी रहने के अनुमान तमाम देशी-विदेशी आर्थिक संगठन लगा रहे हैं, लेकिन अचानक पैदा हुई प्रतिकूल परिस्थितियों के बाबत भविष्यवाणी करना आसान नहीं है। लेकिन इसके बावजूद जरूरी है कि महंगाई पर नियंत्रण के प्रयासों के प्रति हम गंभीर रहें। जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी हमारी युवा आबादी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



संजय त्यागी 'महादेव'

बहरहाल, हमें यह स्वीकार करना होगा कि जलवायु परिवर्तन का असर पूरी दुनिया को गहरे तक प्रभावित करने लगा है। खासकर कृषि क्षेत्र के प्रभावित होने से महंगाई बढ़ने का खतरा लगातार बना हुआ है। अतिवृष्टि-अनावृष्टि और अचानक आने वाली बाढ़ दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं। जिससे सारी दुनिया में खाद्यान्नों की कीमतों में तेजी आ रही है। हमने पिछले दिनों भारत में भी देखा कि जब गेहूं की फसल तैयार होकर खलिहानों तथा मंडियों तक पहुंचने लगी तो पश्चिमी विक्षोभ के चलते हुई बारिश ने काफी नुकसान किया। निश्चित रूप से गोदाम पहुंचने से पहले अनाज का भीग जाना किसान के लिये संकट का सबब बन जाता है। यह घटनाक्रम अब हर साल का हिस्सा है। हजारों टन अनाज बेमौसमी बारिश की भेंट चढ़ जाता है। जिससे अनाजों, फलों व सब्जियों की फसल खराब होने से खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं। पर्याप्त भंडारण की व्यवस्था न होने के कारण बिचौलिये जमाखोरी के जरिये वस्तुओं के दामों में कृत्रिम उछाल पैदा कर देते हैं। जो कालांतर खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ने का कारण बन जाता है। जिसका सीधा असर आम आदमी की थाली पर पड़ता है। वहीं दूसरी ओर रूस-यूक्रेन युद्ध, हालिया गाजा संकट एवं समुद्री जहाजों पर हूती विद्रोहियों के हमलों ने भी कच्चे तेल के दामों में तेजी पैदा की है। इस तरह पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में उछाल से ढुलाई का खर्च बढ़ जाता है। जो कालांतर महंगाई की एक वजह भी बनता है। भारत जैसे देश के लिये विशेष रूप से जहां कच्चे तेल का अधिकांश हिस्सा विदेश से आयात होता है। कुल मिलाकर युद्ध व भू-राजनीतिक तनाव भी महंगाई बढ़ने का एक बड़ा कारण बनता जा रहा है। इसी चिंता के चलते ही केंद्रीय बैंक को कहना पड़ा कि हम खुदरा मुद्रास्फीति को नियंत्रित तो कर सकते हैं बशर्ते अन्य बातें सामान्य रहें। यानी मौसमी उतार-चढ़ाव व वैश्विक अस्थिरता का असर हम पर कम हो। हालांकि, मौसम विभाग इस बार सामान्य मानसून की भविष्यवाणी कर रहा है, इसके बावजूद सिंचाई के वैकल्पिक साधनों को बढ़ाते रहना होगा।



इंसान के परिचय की शुरुआत भले ही चेहरे से होती होगी..लेकिन, उसकी संपूर्ण पहचान तो वाणी.. विचार... एवं कार्यों से होती है... संबंधों की तुलना, कभी धन से न करें...क्योंकि...धन दो दिन काम आएगा. ! जबकि...संबंध उम्र भर काम आएंगे...व्यवहार सदैव ज्ञान से बड़ा होता है, जीवन में अनेक परिस्थितियों होती है, जहां ज्ञान विफल हो जाता है, किन्तु व्यवहार सब कुछ संभाल लेता हैं।

# एलन मस्क का भारत से रुख़ कहीं चीन को लगीं मिर्ची ने तो नहीं मोड़ा ?

## भारत यात्रा टलने के बाद अचानक चीन पहुंचे एलन मस्क -कई सवाल खड़े हुए ?

**एड किशन भवानी**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां के विकसित व विकासशील देशों की नजरें भारत पर लगी हुई है। क्योंकि अनेक महत्वपूर्ण वैश्विक एजेंसियों द्वारा भारत के विकास कार्यों की रेटिंग कर तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था व शीघ्र विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने के अनुमानों का को दुनियां रेखांकित कर रही है,यही कारण है कि यहां विकास नीतियों का पत्ता भी हिल्ता है तो,विस्तारवादी देश सहित अनेक देशों को शायद मिर्ची लग जाती है।बता दें कि टेक्स्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क 21-23 अप्रैल2024 को भारत दौरे पर आने वाले थे व माननीय पीएम से भी मुलाकात थी, परंतु अचानक 20 अप्रैल 2024 को एक्स ट्विटर पर जानकारी देकर भारत दौरा स्थगित कर दिया गया वजह 23 अप्रैल 2024 को अमेरिका में टेक्सले की पहली कॉन्फ्रेंस कॉल बताई गई थी, परंतु तब चीन को मिर्ची लगने का कारण यह भी हो सकता है कि पहले चीन भारत में ईवी सेक्टर में एंट्री करने को काफी उत्सुक था,परंतु भारत ने अनुमति नहीं दी जो अब टैक्सला करने जा रही थी तो मिर्ची लगना स्वाभाविक भी था। परंतु अब अचानक रविवार दिनांक 28 अप्रैल 2024 को एलन मस्क के चीन पहुंचने व चीनी पीएम से सीधे मुलाकात करने और चीन यात्रा को सार्वजनिक रूप से चिन्हित नहीं करने करना चीनी मिर्ची के परिणाम का अंजाम होने के कयास लगाए जा रहे हैंजिनको रेखांकित करना होगा। चूंकि एलन मस्क का रुख कहीं चीन ने अपने तरफतो नहीं मोड़ा ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,एलन मस्क की भारत यात्रा स्तथगित होना,चीन को सार्वजनिक रूप से चिन्हित नहीं कर पहुंचना,चीन को मिर्ची के परिणाम का अंजाम केकयास लगना लाजमी है।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क की 28 अप्रैल 2024 को अचानक चीन यात्रा की करें तो,अरबपति कारोबारी एलन मस्क रविवार को अचानक बीजिंग पहुंच गए। इस बीच चीन के बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में उनके द्वारा टेस्ला की स्वचालित ड्राइविंग तकनीक का अनावरण करने की भी अटकलें हैं। मस्क ने रविवार को चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात की और अपनी वाहन कंपनी टेस्ला के लिए भविष्य की विस्तार योजनाओं पर चर्चा की। ली ने मस्क से कहा कि चीन का विशाल बाजार विदेशी वित्तपोषित उद्यमों के लिए हमेशा खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि चीन विदेशी वित्तपोषित उद्यमों को बेहतर कारोबारी माहौल और मजबूत समर्थन प्रदान करने के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने और सेवाओं में सुधार करने पर कड़ी मेहनत करेगा ताकि सभी देशों की कंपनियां शांत मन से चीन में निवेश कर सकें। हांगकांग के समाचार पत्र पोस्ट ने लिखा कि मस्क के स्टेट काउंसिल में वरिष्ठ चीनी अधिकारियों और बीजिंग में पुराने दोस्तों से मिलने की संभावना है। मस्क ने शंघाई में सात अरब डॉलर के निवेश से एक ईवी संयंत्र स्थापित किया था, जिसके बाद से उनकी टेस्ला ईवी चीन में लोकप्रिय हो गई है। इस संयंत्र में उत्पादन 2020 में शुरू हो गया था।ली ने कहा कि चीन में टेस्ला के विकास को चीन अमेरिका आर्थिक सहयोग का एक सफल उदाहरण कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि तथ्यों ने साबित कर दिया है कि समान सहयोग और पारस्परिक लाभ दोनों देशों के सर्वोत्तम हित में हैं। चीन के पीएम ने कहा कि उम्मीद है कि अमेरिका और चीन बीच में मिलेंगे और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के रणनीतिक मार्गदर्शन में द्विपक्षीय संबंधों के स्थिर विकास को बढ़ावा देंगे। चीन परिषद के बुलावे पर बीजिंग पहुंचे मस्क चीनी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, एलन मस्क चीन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार बढ़ाने वाली परिषद (सीसीपीआईटी) के बुलावे पर बीजिंग पहुंचे हैं, जहां वे परिषद के अध्यक्ष रेन होंगबिन से भी मुलाकात करेंगे और टेस्ला और चीन के बीच आगे सेसहयोग पर चर्चा करेंगे। एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कारें बनाने वालीकंपनी टेस्ला चीन में काफी लोकप्रिय है। मस्क की कंपनी चीन में प्रीमियम श्रेणी की इलेक्ट्रिक कारें बनाती हैं, लेकिन बीते कुछ समय से चीन की ईवी कार बनाने वालीकंपनियों से टेस्ला को कड़ी प्रतिस्पर्धा मिल रही है। साथियों बात अगर हम एलन मस्क के 21-23 अप्रैल2024 को भारत यात्रा फिर 20 अप्रैल 2024 को अचानक स्थगन की करें तो, पिछले हफ्ते एलन मस्क भारत दौरे पर आने वाले थे, इस दौरान वो अरबों डॉलर एक निवेश योजनाओं का ऐलान भी करने वाले थे। लेकिन अचानक खबर आई कि मस्क फिलहाल भारत नहीं आ रहे हैं।दरअसल, भारत आने से पहले दुनियां के तीसरे सबसे अमीर बिजनेसमैन एलन मस्क को बड़ा झटका लग गया था। ये झटका 24 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का था। कंपनी का मार्केट कैप भी बुरी तरह 500 अरब डॉलर से नीचे आ गया है। जिसके चलते उन्हें भारत दौरा एक बार फिर कैंसिल करना पड़ाथा ऐसी जानकारी मीडिया में दी गई है।हालांकि, उन्होंने इसके पीछे वजह बताई अपने एक्स हैंडल पर बताई उन्होंने कहा कि टेस्ला दायित्वों के कारण भारत की यात्रा में देरी हो रही है। वो इस साल के अंत तक भारत आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार, एलन मस्क ने टेस्ला के तिमाही नतीजे जारी करने कि डेट पहले से ही फिक्स कर रखी थी।ऐसे में भारत विजिट के बाद तिमाही नतीजे लेट होने की संभावना थी। यही वजह है कि एलन मस्क ने भारत दौरे को टाल दिया है। हालांकि, साल के अंत तक वह कब तक आएंगे, अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। साथियों बात अगर हम एलन मस्क के भारत दौरे पर चीन को मिर्ची लगने की करें तो,चीन को टेस्ला की भारत में संभावित एंट्री पसंद नहीं आ रही है। चीनी सरकार के मुखपत्र माने जाने वाले ग्लोबल टाइम्स ने भारत के टेस्ला को आमंत्रित करने के महत्वाकांक्षी कदम पर यह भविष्यवाणी करके रोक लगा दी है कि यह काम नहीं करेगा, क्योंकि यह बहुत जल्दबाजी में लिए गए फैसले जैसा लगता है, जो कि बहुत कम तैयार और अपरिपक्क भारतीय बाजार के लिए उपयुक्त नहीं है। यह निराशाजनक टिप्पणी इस बात को नजरअंदाज करती है कि कई बड़े चीनी ईवी मैन्युफैक्चरर्स ने पहले भारत में ईवी बनाने में रुचि दिखाई थी, लेकिन भारत सरकार ने उन्हें अनुमति नहीं दी थी। सीमा विवादों के कारण भारत चीन संबंध खराब हो गए हैं, जिन्हें लेकर पहले झड़पें भी हो चुकी हैं। भारत ने चीनी निवेश की गहन जांच की है और कई चीनी बिजनेसेस की गलत कार्यों के लिए जांच की है। चीनी सरकार के मुखपत्र का का कहना था टेस्ला भारत में सक्सेसफुल नहीं होगी। उसने लिखा,टेस्ला मुख्य रूप से मिड एंड हाई एंड सेक्टर्स और मैच्योर मार्केट्स पर फोकस करता है। किसी को नहीं पता कि वह भारत में सफल होगा या नहीं। हालांकि, भारत का ईवी मार्केट बढ़ रहा है, लेकिन इसका आकार छोटा है। कुछ आंकड़ों से पता चलता है कि 2023 में भारत में बिकने वाले कुल यात्री वाहनों में ईवी का सिर्फ 2.3 फीसदी हिस्सा था। मीडिया में सवाल किया गया कि क्या भारत का अपरिपक्क बाजार पर्याप्त टेस्ला कारों को पचा सकता है और उन्हें मुनाफा कमाने दे सकता है। इसमें सप्लाई चेन को एक और चुनौती के रूप में बताया गया। ग्लोबल टाइम्स ने कहा, ईवी के लिए लिथियम-आयन बैटरी जैसे प्रमुख घटकों के सीमित घरेलू उत्पादन सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। भारत ईवी सप्लाई चेन बनाने के प्रयास में अपेक्षाकृत देर से शुरू कर रहा है। मीडिया में भारत को यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी गई। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, इस प्रक्रिया में यह सलाह दी जाती है कि भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग को मजबूत करने और अधिक व्यावहारिक रवैये के साथ विनिर्माण विकास को बढ़ावा देने पर विचार करे। इस तरह ग्लोबल टाइम्स चाहता है कि भारत टेस्ला के बजाय चीनी कंपनियों द्वारा ईवी का निर्माण करे।

# 'अपोलो के डॉक्टरों ने कर दिया कमाल, फ्रोजन एलिफेंट ट्रंक तकनीक से बचाई मरीज की जान'

## डॉक्टरों ने जटिल हृदय सर्जरी में ऐतिहासिक सफलता हासिल की
## मरीज में नई तकनीक के जरिए एक विशेष हाइब्रिड डिवाइस का किया उपयोग

**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों ने अपनी चिकित्सा सूझबूझ से एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। डॉक्टरों ने फ्रोजन एलिफेंट ट्रंक तकनीक से एक मरीज की जान बचाई है। एक से ज्यादा स्वास्थ्य परेशानियों से ग्रस्त 54 वर्षीय मरीज की जटिल हृदय सर्जरी में डॉक्टर कामयाब रहे।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉ ?स्पिटल्स के हृदय और फेफड़ा प्रत्यारोपण सर्जरी के कार्डियोथोरेसिक सर्जन वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश गोयल की निगरानी में मरीज को भर्ती कराया गया। अपोलो एआर्टिक प्रोग्राम के सर्जिकल लीड के कार्डियोवास्कुलर और महाधमनी सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. निरंजन हिरेमथ की देखरेख में एक विशेष हाइब्रिड डिवाइस का उपयोग करके मरीज की जान बचाई। डॉक्टरों ने बताया कि मरीज को लंबे समय से उच्च रक्तचाप का इतिहास था। उसके धमनीविस्फार ने न केवल आरोही महाधमनी को प्रभावित किया, बल्कि आर्च तक भी फैल गया। ऐसी ?स्थिति में जटिल सर्जरी का विकल्प होता है। सर्जरी में आरोही महाधमनी और आर्च को एक विशेष हाइब्रिड ग्राफ्ट के साथ बदलने के अलावा एन्यूरिज्मल फैलाव को रोकने के साथ सामान्य हृदय प्रोग्राम को बहाल करना शामिल है।

दरअसल इस प्रक्रिया को फ्रोजन एलिफेंट ट्रंक तकनीक के नाम से जाना जाता है। इस तकनीक में 20 डिग्री सेल्सियस की गहरी हाइपोथर्मिया और सर्कुलेटरी अरेस्ट शामिल है। हालांकि अच्छी बात यह है कि सर्जरी के दौरान मेडिकल टीम को किसी भी जटिलता का सामना नहीं करना पड़ा। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर रही और वह बिना किसी प्रतिकूल घटना के ठीक होने लगा। यह सफल परिणाम इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी विभाग की विशेषज्ञता और क्षमताओं को उजागर करता है। प्रक्रिया के बाद, मरीज की रिकवरी की प्रक्रिया सुचारू रही और अब उसे नियमित अनुवर्ती निर्देशों के साथ छुट्टी दी जा रही है ताकि उसकी निरंतर रिकवरी सुनिश्चित की जा सके।

इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण सर्जरी के कार्डियोथोरेसिक सर्जन वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश गोयल ने उन्नत प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जोर देते हुए कहा, ष्यह मामला हमारी टीम की विशेषज्ञता के शिखर और हमारे पास मौजूद अत्याधुनिक संसाधनों का उदाहरण है। जटिल हृदय संबंधी स्थितियों को सटीकता के साथ पहचान करने की हमारी क्षमता और सकारात्मक परिणाम हमारे विभाग के भीतर अनुभव और समर्पण की गहराई को दर्शाते हैं। मैं रोगी देखभाल के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता और हृदय शल्य चिकित्सा में उत्कृष्टता की निरंतर खोज के लिए पूरी मेडिकल टीम की सराहना करता हूं।

अपोलो एऑर्टिक प्रोग्राम के कार्डियोवास्कुलर और महाधमनी सर्जरी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. निरंजन हिरेमथ ने कहा, ष्यह मामला बिना पोस्ट-ऑपरेटिव रक्त आधान और न्यूनतम इंट्राऑपरेटिव रक्त हानि के साथ साथ महाधमनी सर्जरी में विशेषज्ञता को भी रेखांकित कर रहा है। फ्रोजन एलिफेंट ट्रंक तकनीक का उपयोग हमारी क्षमता के साथ साथ शल्य चिकित्सा देखभाल की सीमाओं को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह मामला जटिल महाधमनी स्थितियों वाले मरीजों के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त करने में एक बहु-विषयक दृष्टिकोण और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के महत्व पर प्रकाश डालता है एक ऐसी टीम जो लगातार असाधारण परिणाम देती है और महाधमनी शल्य चिकित्सा उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित करती है।

# मारपीट के अलग अलग मामलों में 11 का चालान

मीरापुर। क्षेत्र के गांव कासमपुर खोला में रुपयो के लेनदेन को लेकर दो पक्षो में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी। मारपीट में एक फौजी घायल हो गया था। पुलिस ने दोनों पक्षो के आठ लोगो का चालान कर दिया है वही ग्राम सिकन्दरपुर निवासी तीन लोगों का भी चालान किया गया है

क्षेत्र के गांव कासमपुर खोला निवासी प्रवेंद्र पुत्र राजबीर फौज में है जिसकी तैनाती हाल में राजौरी जम्मू में है। प्रवेंद्र 17 अप्रैल से छुट्टी पर गांव आया हुआ है। शनिवार देर शाम रुपयो के लेनदेन को लेकर प्रवेंद्र की जयवीर पुत्र गजराज से कहासुनी के बाद मारपीट हो गई कुछ ही देर में दोनों पक्षो के दर्जनों लोग आमने सामने आ गए और फिर से मारपीट हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनों पक्षो के दर्जनों लोगों को हिरासत में ले लिया। रविवार को पुलिस ने राजबीर पक्ष से राजबीर, नीरज, रामप्रसाद व जयबीर पक्ष से संजय, मनोज, अरुण, जयदीप, दिनेश का शांतिभंग में चालान कर दिया है वही गांव सिकन्दरपुर में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद कर रहे प्रवेज व शहजाद और राबिद का भी शांतिभंग में चालान कर दिया है।

# बीआईटी में 24वॉ वार्षिक उत्सव गिलट्ज आयोजित

**युरेशिया संवाददाता**



मीरापुर। भगवन्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में 24 वे वार्षिकोत्सव गिलट्ज 2024 का भव्य आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव गिलट्ज 2024 के कार्यक्रम का शुभारंभ गेस्ट ऑफ ऑनर थाना अध्यक्ष मीरापुर दिनेश कुमार बघेल एवं संस्थान के चेयरमैन डॉ अनिल सिंह, चेयरपर्सन डॉ आशा सिंह, उपनिदेशक डॉ अजय गुप्ता,सह निदेशक डॉ पुष्पनील वर्मा, एजीएम फाइनेंस ऑफिसर दुष्यंत कुमार, डीन डॉ अजय सिंह ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। ड्यूट सांग अमित, आदित्य अनमोल, व नितिन ने प्रस्तुत किया,सोलो डांस पर वंशिका बीएएमएस व कनक शर्मा, विपिन अमन, नैंसी हर्षिता जहान्वी एन्ड ग्रुप नितिन, ग्रुप डांस अनित एन्ड ग्रुप स्किट तान्या एंड ग्रुप ने सभी को धिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों की धुनों पर छात्रों ने अपने हुनर के जलबे दिखाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उपरांत अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र सना आर्शी ,अनिल कुमार,एमबीए, अर्शी समसी,आशीष कुमार,नीतीश कुमार बीबीए ,प्रेरणा एनम प्रथम वर्ष,अंजली एनम सेकंड ईयर,जीएनएम से कपिल कुमार,राबिया,तनु, बीएससी नर्सिंग से खुशी, शीतल सैनी,सारा परवीन रिमझिम साक्षी,महिमा,वंदना , पोस्ट बेसिक नर्सिंग, बीटेक से सुफियान, पॉलिटेक्निक से जय सिंह,बीएड से कनक शर्मा,बी.पी.एड. से कृतिका व विकास कुमार, डीएलएड से शिवानी सहरावत, स्नेहा, बीसीए से गोविंद पांडे,गार्गी गुप्ता,खुशी गुप्ता, बीएएमएस से अंजुमन व सेवज अली, बीफार्मा से सुमन शर्मा,एमसीए से शुभम व तनु, दीक्षा शर्मा डी फार्मा,आदि को प्रथम स्थान प्राप्त करने वालो को 5100, द्वितीय स्थान पर 2100 तृतीय स्थान पर 1100 रुपये की धनराशि का चेक और मैडल देकर डॉ अनिल सिंह व चौयरपर्सन डॉ आशा सिंह, उपनिदेशक डॉ अजय गुप्ता सह निदेशक डॉ पुष्पनील वर्मा, लेखा अधिकारी दुष्यंत कुमार, डीन डॉ अजय कुमार ने सम्मानित किया। फार्मेसी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर अंशिका अग्रवाल एवम नर्सिंग विभाग की उर्वशी को शकुंतला देवी बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया। गीत संगीत में कंप्यूटर साइंस की शिक्षिका मीनाक्षी पंवार, फिलर, स्किट, मिमिक्री, में नर्सिंग विभाग की शिक्षिका ऊर्वशी ने छात्रों को प्रशिक्षित किया।

कार्यक्रम को शांतिपूर्ण सफल बनाने में अनुशासन समिति के अध्यक्ष फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ सचिन सिंघल, आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अजय कुमार शर्मा, एजुकेशन के विभागाध्यक्ष डॉ कावेन्द्र कुमार, नर्सिंग की प्रधानाचार्या डॉ विजया डी, ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। स्वागत समिति में डॉ चित्रा शर्मा, डेकोरेशन के लिए अंशिका अग्रवाल, वार्णिका रस्तोगी , अर्पिता महेश्वरी, भावना, अर्पित शर्मा, कपिल शर्मा, पुलकित गौड़, अमरनाथ शर्मा, राहुल चौधरी, अभय वैश्य, विवेक शर्मा,सूर्यकांत शर्मा, विवेक सैनी, अंकुर चंद्रा, विनीत ,रवि रंजन,आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कार व ट्रैक्टर की भिड़ंत में ट्रैक्टर पर सवार दो युवक घायल


**आमिर पठान /युरेशिया**



अफजलगढ़। कादराबाद कालागढ़ मार्ग पर स्थित ओम इण्टर कालेज के समीप कार व ट्रैक्टर की भिड़ंत में ट्रैक्टर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस व 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जबकि कार चालक कार छोड़ मोके से फरार हो गया। गौरतलब है कि गांव हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी जोगिंदर सिंह ने बताया कि वह अपने गांव से ट्रैक्टर के पीछे गहाई मशीन लेकर गांव जामनवाला की ओर जा रहा था। ट्रैक्टर पर सवार होकर संदीप पुत्र मुन्ने सिंह व कुंदन पुत्र रामपाल भी जा रहे थे। जैसे ही उनका ट्रैक्टर मुरलीवाला में ओम इंटर कॉलेज के समीप पहुंचा तो पीछे से आ रही कार ने गहाई मशीन में टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और संदीप व कुंदन ट्रैक्टर से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल युवकों को ? सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया। जंहा से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। वहीं कार सवार कार मौके पर छोड़ कर फरार हो गए। सड़क दुर्घटना में गहाई मशीन व कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उधर थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई किये जाने की बात कही है।

# स्वीमिंगपूल को बंद कराए जाने को लेकर दूसरे पक्ष ने प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक तथा जिलाधिकारी को देकर स्मींगपूल को बंद कराने की मांग

**नौरोज हैदर शाही/युरेशिया**



हल्दौर। थाना क्षेत्र के गांव नांगल जट में विवादित जमीन पर एक पक्ष द्वारा अवैध रूप से चलाए जा रहे स्वीमिंगपूल को बंद कराए जाने को लेकर दूसरे पक्ष ने प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक तथा जिलाधिकारी को देकर स्मींगपूल को बंद कराने की मांग की है। शनिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम नांगल जट निवासी ओमवीर सिंह पुत्र स्वव रामनाथ सिंह ने बिजनौर पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी महोदय को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका पारिवारिक जमीनी विवाद चल रहा है जिसका मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि प्रतिवादी पक्ष दबंग किस्म का है जो अपनी मनमानी व गुण्डाई के चलते उक्त विवादित जमीन पर अवैध रूप से स्मींगपूल बनाकर चला रहे हैं। जिसकी प्रशासन से भी कोई परमीशन नहीं ली है। बिना किसी मानक के ही संचालित किया हुआ है। वादी पक्ष के ओमवीर सिंह पुत्र स्वव रामनाथ सिंह ने प्रतिवादी पक्ष के दिव्यांशु पुत्र सोमवीर सिंहध् सुनीता देवी पत्नी सोमवीर सिंह पर हठधर्मिता एवं दबंगई का आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त दबंगों ने पूर्व में भी विवादित जमीन पर बैंकट हाल बनाने का प्रयास किया था जो वादी पक्ष ने रुकवा दिया था। यह भी आरोप लगाया कि उक्त दबंग वादी के हिस्से की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। जबकि उक्त मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। वादी ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त दबंगों से वादी एवं उसके परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ओमवीर ने आलाधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में उक्त अवैध रूप से संचालित स्मींगपूल को शीघ्र बंद कराने तथा अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# बच्चो को गुणवतापूर्ण शिक्षा देकर हम अच्छे समाज की स्थापना कर सकते है - विधायक अशरफ अली खान

**युरेशिया संवाददाता**



जलालाबाद शामली। बच्चो को गुणवतापूर्ण शिक्षा देकर हम अच्छे समाज की स्थापना कर सकते है।शिक्षा एवम अच्छे संस्कार से ही किसी व्यक्ति का सर्वांगीण विकास हो सकता है।ये उद्गार थानाभवन विधानसभा विधायक श्री अशरफ अली खान ने स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

थानाभवन क्षेत्र के गांव मसावी स्तिथ अमायरा पब्लिक स्कूल में आयोजित शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवम आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थानाभवन विधायक श्री अशरफ अली खान थानाभवन नगर पंचायत अध्यक्ष श्री हाजी जमशेद राव अमीर आलम सहित गणमान्य लोग एवम अभिभावक मोजूद रहे।

स्कूल में आयोजित वार्षिक शानदार लाजवाब महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक श्री अशरफ अली खान ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया प्रतिभावान छात्र छात्राओं,एवम सफल हुए बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चो को दीनी तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम से आरस्ता कराना वालीदैन का पहला अखलाकी फर्ज है इस फर्ज में बिल्कुल भी कोताही नहीं होनी चाहिए आज के ये बच्चे कल मुल्क के रोशन मुस्तकबिल है। शिक्षा एवम संस्कार से ही किसी व्यक्ति का सर्वांगीण विकास हो सकता है,बच्चो को गुणवता पूर्ण शिक्षा देकर हम अच्छे समाज की स्थापना कर सकते है।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधक एवम प्रिंसिपल ने सभी का आभार धन्यवाद प्रकट किया।

## एक नजर..

### राजस्व विभाग की टीम ने एसडीएम के निर्देश पर सरकारी रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया

**विकास शर्मा/ युरेशिया**



नकुड़। राजस्व विभाग की टीम ने राजस्व विभाग की टीम ने एसडीएम के निर्देश पर सरकारी रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करायाएसडीएम के निर्देश पर सरकारी रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया। नायब तहसीलदार ने दोबारा कब्जा करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। नायब तहसीलदार राजेश अटवाल ने बताया कि क्षेत्र के गांव बुल्लेवाला में अन्तेयष्टि स्थल को जाने वाले रास्ते पर कुछ लोगो द्वारा अतिक्रमण किया गया था। जिसके सम्बन्ध में प्रधान पति भूपेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल, डीएम व एसडीएम को शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की थी। बताया कि एसडीएम संगीता राघव के निर्देश पर शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर पैमाइश की और निशानदेही कर चकरोड के खसरा नम्बर 67 व 65 पर हुए करीब छः कब्जे को अतिक्रमण मुक्त कर ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दिया। ग्रामीणों ने करीब 15 वर्षो से चलयी आ रही समस्या का समाधान होने पर राहत की सांस ली। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक रघुवीर सिंह, पदम सिंह, लेखपाल राजेश कुमार, संदीप कुमार, सचिन कुमार, अतिरिक्त कोतवाल सिराजुद्दीन पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने तहसीलदार कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया

**युरेशिया संवाददाता**

नकुड। बार संघ जी बैठक लिया गया बड़ा फैसला तहसीलदार की कार्यप्रणाली को लेकर अधिवक्ताओं में भारी रोष तहसीलदार कोर्ट जा बहिष्कार किया पिछले काफी दिनो से तहसीलदार की कार्यप्रणाली से नाराज बताए जा रहे थे अधिवक्ता, चुनाव समाप्त होते ही अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के विरुद्ध खोल दिया मोर्चा ध्बार संघ के अध्यक्ष विनोद पाल ने बताया कि आज हुई बार संघ की बैठक में अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव रखा कि पिछले काफी दिनो से तहसीलदार की कार्यप्रणाली सही नही चल रही है और बहुत सारे कार्यों में विधिक प्रक्रिया का पालन कर रहे है और ना ही नामातरण की फाइल हो रही है इतना ही नही छोटे से छोटे कार्य के लिए भी यदि कोई व्यक्ति आ रहा है तो उसे हर कागज को डाक से चढ़ाकर दिए जाने के चलते एक एक दिन के कागज को एक एक हफ्ता गुजर रहा है जिससे जहा अधिवक्ताओं को खासी परेशानी हो रही है वही आमजन भी ऐसी कार्यप्रणाली से खासे परेशान है बार संघ के सचिव संजीव चौहान ने बताया कि उपरोक्त समस्याओं को लेकर पूर्व में भी तहसीलदार से अधिवक्ताओं का शिष्टमंडल मिला था लेकिन उसके बावजूद भी तहसीलदार की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है जिस कारण अब अधिवक्ताओं ने तहसीलदार कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है वही इस संबंध में तहसीलदार जसमेंदर सिंह का कहना है कि उन्हें बहिष्कार के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है और ना ही कोई लिखित जानकारी उन्होंने दी है इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता उधम सिंह महावीर सिंह महिपाल सिंह जगमाल सैनी ओमप्रकाश शर्मा शिव नारायण शर्मा याकूब अली सतीश शर्मा समेत मौजूद रहे

### नानौता पुलिस द्वारा तमंचा और कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**अश्वनी कुमार/युरेशिया**

नानौता। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व वांछितवारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना नानौता पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अपराधी तौफीक पुत्र शफीक निवासी मौहल्ला कानूनगोयान कस्बा व थाना नानौता जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस को अभियुक्त तौफीक उपरोक्त के कब्जे से 01 तमन्चा 315 बोर व 01 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर नाजायज बरामद हुए। जिसके चलते अभियुक्त के विरूद्ध संबंधित विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पलिस टीम में उ.नि. जितेन्द्र सिह, है.का. सुमित तोमर, होमगार्ड नासिर खान रहे।

### तीसरा श्री बाबा खाटू श्याम का विशाल जागरण व श्री खाटू श्याम निशान यात्रा का आयोजन किया

**शक्ति चौधरी /युरेशिया**



सरसावा। नगर में अम्बाला रोड स्थित डी सी जैन इंटर कॉलेज में श्री खाटू

श्याम भव्य विशाल जागरण का आयोजन किया गया और कार्यक्रम की शुरुआत निशान यात्रा से की गई निशान यात्रा श्री बनखंडी महादेव से प्रारंभ होकर अंबाला रोड मेन बाजार व विभिन्न मार्गो से होते हुए डी सी जैन इंटर कॉलेज पर जाकर समाप्त हुई निशान यात्रा में सभी अपने हाथ में बाबा श्याम का निशान लिए चल रहे थे और भजनों पर सभी झूम रहे थे जय श्री श्याम के नारे लगते चले गए और शाम के समय श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा भव्य विशाल जागरण का आयोजन किया गया जिसमें पुष्प वर्षा इत्र वर्षा भी हुई और मध्य प्रदेश की गायिका अनिष्ठा अधिष्ठा ने श्री खाटू श्याम के भजन से सबका मन मोह लिया और श्याम भजनों पर सभी झूम उठे खाटू श्याम परिवार द्वारा मुख्य अतिथियो व पत्रकारों को पटका पहनाकर व बाबा खाटू श्याम की स्मृति देकर कर सम्मानित किया गया और श्री बाबा खाटू श्याम जागरण में हजारों श्रद्धालुओ आशीर्वाद प्राप्त किया!

**दैनिक यूरेशिया टीम सहारनपुर मंडल**
**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

मोनु कश्यप जिला प्रभारी
मो0- 8630402509
प्रदीप धीमान मण्डल प्रभारी
मो0- 9997171951
अरविंद चौहान गंगोह प्रभारी
मो0- 9759693305
मणिकांत वत्स स0पुर
मो0- 9759178755
मोनीन नागल प्रभारी
मो0- 9639221277
अश्वनी धीमान नानौता प्रभारी
मो0- 9720509609
नाथीराम सहल चिलकाना प्रभारी
मो0- 6397074075
भवानी सिंह सैनी तहसील बेहट प्रभारी
मो0- 8077518294
विकास शर्मा तहसील नकुड़ प्रभारी
मो0- 6396576517
शक्ति चौधरी सरसावा प्रभारी
मो0- 9719777268
मनोज कंबोज बिहारीगढ़ प्रभारी
मो0- 9675196324
सुनील कुमार सैनी छुटमलपुर प्रभारी
मो0- 9758712680

# जय हिंद सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित 127 वा रक्तदान शिविर आयोजित

**परवीन खानम/युरेशिया**



अंबेहटा।जय हिंद सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित 127 वे रक्तदान शिविर में 60 से अधिक रक्त वीरो ने रक्तदान किया। रविवार को गांधी इंटर कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ शादाब दिलशाद एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। समाजसेवी गौरव मित्तल एवं इंद्रेश शर्मा ने मां सरस्वती की चित्र के सब मुख्य दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि शादाब दिलशाद ने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।रक्तदान से बढ़कर कोई भी दान नहीं है। समाजसेवी गौरव मित्तल ने कहा कि जय हिंद समाज संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का कार्य बड़ा सराहनीय है कार्यक्रम को सभासद शमीम अंसारी, सभासद दानिश शफीक, नरेश शर्मा, उमंग शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। ऋषिकेश एम्स से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 60 से अधिक ब्लड यूनिट एकत्रित की। रक्तदान शिविर में महिला रक्तदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षताप्रबंधक नरेश शर्मा व संचालन डॉक्टर दानिश खान ने किया।इस दौरान नौशाद पधान, हाफिज इरशाद, अहकाम गौर, सोनू शेख, आशीष शर्मा, मरगूब अंसारी, अब्दुल गफ्फार, अंकित जैन ,हर्षित आर्य, राकेश मित्तल, मनीष मित्तल, उज्जवल मित्तल ,सुमित सिंघल व अंकुर कश्यप आदि मौजूद रहे।

# मारीछ व/ ,सीता हरण व सुग्रीव मित्रता की लीला का शानदार मंचन

**विकास शर्मा /युरेशिया**



नकुड़। नगर में चल रहे श्रीरामलीला महोत्सव के 12वे दिन श्रीराम रामलीला मंडल के कलाकारों ने सीता हरण की लीला का शानदार मंचन करके दर्शको को देर रात तक बांधे रखा। रावण मामा मारीछ को सोने का हिरन बनाकर पंचवटी ले जाता है ,जिसे देखकर सीता जी राम जी से उस हिरन को लाने का आग्रह करती है, राम और लक्ष्मण वन में दूर चले जाते है, और रावण अपनी बहन के अपमान का बदला लेने के लिए ब्राह्मण का भेष बनाकर छल से सीता को उठाकर लंका की अशोक वाटिका में ले आता है । सीता हरण बाद सीता जी की खोज में भगवान श्री राम निकले तो वहां हनुमान जी ने सुग्रीव मित्रता करायी सुग्रीव ने अपने भाई बाली की विवशता के बारे में बताया कि बाली ने मेरी पत्नी को मुझसे छीन लिया है और मेरे राज्य पर भी कब्जा कर लिया है इस पर भगवान श्री राम ने हर सम्भव उसकी मदद करने का आश्वशन दिया उक्त लीला का उदघाटन सहारनपुर से आये हुऐ मुख्य अथिति पार्षद ज्योति अग्रवाल , पार्षद मयंक गर्ग , देवेन्द्र अग्रवाल , श्रवण गुप्ता जी नवीन अग्रवाल जी ने आरती व दीप जलाकर किया इस मौके पर रामलीला महोत्सव समिति सदस्य अक्षय गोयल , गौरव सिंघल साहिल सिंघल प्रशांत गोयल गौरव वर्मा व ऋषिपाल शर्मा बाला बुआ, श्रवण त्यागी राकेश भारदूवाज अनिल गोयल दीपक गुप्ता आदि मोजूद रहे राम के अभिनय में बसन्त ,लक्ष्मण जतिन सीता विकास ,हनुमान जी लक्षण कुमार जोगी रावण धर्मपाल सुग्रीव अरुण धनगर और रावण मनीष नामदेव शबरी कृष्ण भटनागर ने सजीव व दमदार अभिनय किया ।

# चिलकाना में छः दिवसीय मेले का समापन

**नाथी सहल / युरेशिया**



चिलकाना। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए पंजाबी समाज के अध्यक्ष पाली कालड़ा तथा समाजसेवी जयनाथ शर्मा ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक तथा धार्मिक धरोहर हैं। मेलों के आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा तथा सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। मेला प्रबंधक पवन कुमार सिंघल ने मेले के इतिहास की जानकारी दी तथा मेले में आने वाले दुकानदारों, स्वयंसेवकों, पुलिस एवं स्काउट, नगर पंचायत तथा आयोजन में सहयोग करने वाले अन्य लोगों का आभार व्यक्त किया। मेले में सुंदर तथा आकर्षक दुकान सजाने वाले दुकानदार मुकेश, राजकुमार सैनी, राजीव जैन, बशीर, साजिद, जावेद ठेकेदार, पंकज कुमार आदि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पुलिस व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी कपिल देव, स्काउट व्यवस्था के लिए जेजे इंटर कालेज तथा नव जनोदय इंटर कॉलेज, प्याऊ व्यवस्था के लिए व्यापार मंडल, नगर पंचायत के ईओ, बिजली विभाग के जेई आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री नवाजिश खान, दिशा संगठन के संयोजक केएन तिवारी, पूर्व चेयरमैन अकबर कुरैशी, राजीव सिंघल, प्रदीप सिंघल, बालकृष्ण शर्मा, राकेश जैन, सोनू सिंघल, आदि रहे। संचालन मनोज सैनी ने किया।

# नागल में नमक चोरों का आतंक नमक चुराते बाइक सवार सीसीटीवी में कैद शीघ्र हो घटनाओं का खुलासा: कपिल डाबर

**मोमीन अली/युरेशिया**



नागल। मेन बाजार में प्रतिदिन हो रही चोरियां पुलिस गश्त पर सवालिया निशान लगा रही हैं। बीते दो माह से नागल बाजार में दो बाइक सवार युवकों का आतंक मचा है। दुकानों के बाहर रखे नमक, पीली मिट्टी व लाल मिट्टी आदि के बोरे रोजाना चोरी हो रहे हैं।


बताते चलें कि नागल बाजार में गत दो माह से रात के समय बाइक सवार दो युवक दुकानों के बाहर रखे सामान को बाइक पर चोरी करके ले जा रहे हैं। लाल मिट्टी व पीली मिट्टी से अन्य सामान के खराब होने का खतरा बना रहता है, जिस कारण व्यापारी लाल मिट्टी व पीली मिट्टी को दुकानों के बाहर ही छोड़ देते हैं, जबकि नमक की चोरी करना तो बहुत दूर किसी का नमक खाकर उसे हराम न करना भारतीय संस्कृति रही है। इसी के चलते ऐसे सामानो को दुकानों के बाहर रखने का प्रचलन है। ?बाइक पर सवार दो चोरों ने दुकानों के बाहर रखें इन बोरों पर हाथ साफकरना शुरू कर दिया है। दर्जन भर से अधिक दुकानदारों के बाहर रखे नमक, लाल व पीली मिट्टी के बोरे चोरी हो रहे हैं। ?बाइक सवार चोरों की हरकतों से परेशान व्यापारियों ने बाजार में लगे सीसीटीवी खंगाले तो पता चला कि रात में एक बाइक पर सवार दो युवक दुकानों के बाहर रखे बोरे उठाकर ले जाते हैं। ये चोर एक बार में 3 से 4 बोरे उठा ले जाते हैं।?

बताया जाता है कि नमक के बोरे की कीमत करीब 1200 रूपए है। ?जिसके चलते यह चोर हर रात 7 से 8 हजार रुपए के सामान पर हाथ साफ कर रहे हैं। करीब दो माह पूर्व बस मेन बाजार स्थित अरुण तायल की दुकान से अज्ञात चोर करीब 35 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर व नगदी चुरा ले गए थे। उस समय पुलिस ने कहा था कि भविष्य में पुलिस गश्त में आमूल चूल परिवर्तन किया जाएगा तथा पूरा प्रयास किया जाएगा कि बाजार में चोरी की घटनाएं न हो सकें। ?इसके बावजूद मेन बाजार में दो माह से रोजाना हो रही चोरी की घटनाएं पुलिस गश्त पर सवालिया निशान लगा रही है।? कस्बे के श्रवण तायल, पवन गोयल, मनोज तायल, प्रवीण गुप्ता, कामिल, इकराम, विनोद भगत जी, अहसान, बबलू आदि व्यापारी इन चोरों का निशान बन चुके हैं। उधर व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल डाबर ने लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर रोष जताते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही घटनाओं का खुलासा नहीं हुआ तो व्यापारी आंदोलन को मजबूर होंगे।

# थाना देवबन्द पुलिस द्वारा 02 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार,

## कब्जे से चोरी की गयी मोटर साईकिल बरामद।

**प्रदीप धीमान /युरेशिया**



सहारनपुर। थाना देवबन्द पर वादी आफ्ताब आलम पुत्र शब्बीर अहमद निवासी मौहल्ला लहसवाडा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर ने थाने पर तहरीर दी कि अज्ञात चोर द्वारा उनकी मोटर साईकिल नम्बर UP11BF - 7517 को कब्रिस्तान के गेट के सामने मजनूवाला रोड देवबंद से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी है। तहरीर के आधार पर थाना देवबंद पर मु0अ0सं0- 183/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए तत्काल अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए, जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना देवबन्द पुलिस के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा विवेचना में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. आशीष पुत्र राकेश निवासी ग्राम इमलिया थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर 2. राहुल पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम मेघराजपुर थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर को मुखबिर सूचना पर चौकिग के दौरान एटीएस सैन्टर के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की गयी मोटर साईकिल होण्डा साईन UP11BF7517बरामद हुई। बारमदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 की वृद्धि की गयी। अभियुक्तगण के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः उ0नि0 राजन पुण्डीर, है0का0 राहुल, का0 योगेश शामिल रहे।

# थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा 04 शातिर वाहन चोरो को किया

## कब्जे से चोरी की गयी मोटर साईकिल बरामद।

**प्रदीप धीमान /युरेशिया**

सहारनपुर।थाना जनकपुरी पर वादी अमित कुमार सहगल पुत्र इन्द्र सिंह सहगल निवासी ग्राम चकदेवली बेहट रोड थाना कोतवाली देहात ने एक लिखित तहरीर बाबत किसी अज्ञात चोर द्वारा उसकी मोटर साईकिल सुपर स्पलैण्डर रजिस्ट्रेशन नं0 UP11BF 8088 रंग काला-लाल रैजेन्सी पैलेस के सामने देहरादून रोड से चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे थाना जनकपुरी पर मु0अ0सं0 75/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियन्त्रण एवं वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम, वाहन चोर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना जनकपुरी के कुशल नेतृत्व में थाना जनकपुरी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. रीनू पुत्र



इन्द्राज 2. विशाल पुत्र धीर सिंह 3. विष्णु पुत्र पवन 4. गगन पुत्र चन्द्रपाल निवासीगण सरगथल हमीद थाना जनकपुरी सहारनपुर को सरगथल हमीद को जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के कब्जे से चोरी की 01 मोटर साईकिल सुपर स्पलैण्डर रजिस्ट्रेशन नं0 न्च्11ठथ् 8088 रंग काला-लाल सम्बन्धित मु0अ0सं0 75/24 धारा 379 भादवि बरामद की गयी है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी । अभियुक्तगणों के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 विक्रान्त भडाना, उ0नि0 इन्द्रसैन, प्रशिक्षु उप निरी0 राजेश कुमार, है0कां0 विशाल, है0कां0 विपिन राणा शामिल रहे।

### तेज गति से आ रही सेंट्रो कार नियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा घुसी

**विकास शर्मा /युरेशिया**



नकुड़ । तेज गति से आ रही सेंट्रो कार नियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा घुसी। जिसमे कार सवार युवक घायल हो गया।

रविवार को दोपहर सहारनपुर की तरफसे तेजगति से आ रही सेंट्रो कार गांव सढोली स्थित भट्टे के निकट आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली के पीछे अनियंत्रित होकर जा घुसी। जिसमें कार चालक लगभग 21 वर्षीय सद्दाम पुत्र रफीक मलिक निवासी मोहल्ला बंजारान घायल हो गया। प्रत्यादर्शियों के अनुसार टक्कर लगते ही कार उछलकर पलट गई। जिसमे सद्दाम को राहगीरों ने बामुश्किल कार से बाहर निकाला। जबकि कार पूरी तरह क्षत्रिग्रस्त हो गई।

### नगर के वार्ड सभासद पति ने अपने समर्थकों के साथ वार्ड में एंटी लारवा व फॉकिंग का छिड़काव कराया

**विकास शर्मा /युरेशिया**



नकुड़ । नगर के वार्ड सभासद पति ने अपने समर्थकों के साथ वार्ड में एंटी लारवा व फॉकिंग का छिड़काव कराया। नगर के वार्ड नंबर 17 के सभासद पति हसीब निजामी ने अपने वार्ड मे मच्छरों से बचाव को लेकर वार्ड वासियों के साथ मिलकर एंटी लारवा व फॉकिंग का छिड़काव कराया। इस दौरान उस्मान अंसारी, शहिद अंसारी, आदिल निजामी, शौकीन सिद्दीकी, कामिल सिद्दीकी, अनीस निजामी आदि का विशेष सहयोग रहा। वही हसीब निजामी का कहना है कि वार्ड में विकास की कोई छोड़ी जाएगी। हसीब निजामी का कहना है जिस प्रकार वार्ड के लोगों ने प्रतिनिधि चुना है, तो वह भी अपने वार्ड के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**शक्ति चौधरी /युरेशिया**



सरसावा। विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया गया जिसमे मुख्य वक्ता श्रीमान सोहन सोलंकी जी क्षेत्रीय संगठन मंत्री जी का उदबोधन रहा कार्यक्रम का संचालन मनीष योगचार्य जिला मंत्री जी ने किया कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व पालिका अध्यक्ष श्री बिजेंद्र मोघा जी रहे कार्यक्रम मे सर्व प्रथम हवन पूजन के उपरात श्री हनुमान चालीसा का पाठ रहा जिसके सोहन जी विहिप क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने बताया हनुमान जन्मउत्सव का कार्येकर्म हर वर्ष सरसावा मे मनाया जाता है ये हिन्दुओ की एकता का प्रतीक है जिस प्रकार श्री राम जी की सेना मे हनुमान जी योगदान रहा ऐसे ही समाज मे बजरंगदल का उद्देश्य है बौद्धिक होने के उपरांत नगर के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकली जिसका जंगह जंगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया कार्यक्रम मे प्रान्त कार्यध्यक्ष जयपाल जी, जिला अध्यक्ष नवाब सिंह, उपाध्यक्ष रमेश पंकज जी, विभाग सह सयोजक हरीश कौशिक, जिला सयोंजक विशाल जी, जिला धर्म प्रसार विनीत जी, अनुज भारत धर्म रक्षक, संदीप सैनी कार्यक्रम सयोंजक, गुरदयाल जी, ब्रजराना जी, सत्यनंद जी, सतीश जी, प्रमोद जी, आँशु जी, वंश जी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

### नगर में मच्छरों की रोकथाम के लिए फोगिंग कराया गया



**परवीन खानम/युरेशिया**

अंबेहटा नगर पंचायत चेयरपर्सन रेशमा नईम के आदेशानुसार शुक्रवार को नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा मोहल्ला नया बांस में विभिन्न स्थानों पर लाइटों की व्यवस्था सही कराई गई और मच्छरों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया। अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर ने बताया कि मौसम में बदलाव और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए कर्मचारियों द्वारा नगर में क्रमबद्ध तरीके से कीटनाशक दवा का छिड़काव व फोगिंग कार्य कराया जा रहा है ताकि मच्छरों की पैदवार न हो। नगर पंचायत चेयरपर्सन रेशमा नईम प्रतिनिधि एडवोकेट नईम अहमद ने कस्बेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास साफ-सफाई रखें और मकान की छत कूलर आदि जगहों गंदा पानी जमा न होने दें इस मौसम में सफाई का विशेष ध्यान रखें किसी भी समस्या के लिए नगर पंचायत को सूचित करें।

### अनियंत्रित स्पीड बन रही है दुर्घटनाओं का कारण

#### लाखनोर में सड़क पार करते एक किसान की मौत

**मोमीन अली/युरेशिया**

नागल। देहात में बन रही हॉट मिक्स सड़कें जानलेवा साबित हो रही हैं। शनिवार देर रात लाखनोर में सड़क पार करते एक करीब 55 वर्षीय किसान की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतू भेजा है।

गौर किया जाए तो क्षेत्र में प्रतिदिन वाहनों की अनियंत्रित स्पीड के कारण अनेकों सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। शनिवार को एक अनियंत्रित कार के पेड़ से टकराने के से कार में सवार युवती की मौत हो गई थी तथा कार चला रहा उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था।

शुक्रवार को क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोग घायल हो गए थे। क्षेत्र में सहारनपुर टपरी नागल मार्ग हो, गागलहेड़ी देवबंद मार्ग हो या सहारनपुर झबरेडा मार्ग, इन पर चलना आमजन के लिए खतरे से खाली नहीं है। आम धारणा है कि इन सड़कों का चौडीकरण कर हॉट मिक्स से बनाया गया है, जिस पर वाहन तेज गति से दौड़ रहे हैं। अप्रशिक्षित वाहन चालक तथा युवा अपने वाहनों को तेज गति चलाते हैं, वाहन से नियंत्रण हटते ही दुर्घटना का होना लाजमी है।

शनिवार देर रात करीब 10: 30 बजे लाखनोर निवासी जगदीश साईकल से खेत पर गया था। वह रात में घर नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू हुई मगर कोई सुराग नहीं लगा। ?उधर सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ग्राम प्रधान से संपर्क कर उसकी शिनाख्त कराई तो पता चला कि वह गांव का ही किसान जगदीश है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## एक नजर..

# टांडा विधायक राममूर्ती वर्मा को सपा ने कन्नौज लोकसभा की दी जिम्मेदारी



युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री टांडा के वर्तमान विधायक राम मूर्ति वर्मा को डिंपल यादव के चुनाव क्षेत्र के किशनी विधानसभा क्षेत्र की कमान समाजवादी पार्टी ने सौंपी है। जहां एक तरफअकबरपुर और टांडा विधानसभा में इनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है, वहीं यह दोनों विधनसभा छेत्र से विधायक रह चुके हैं। इनसे जुड़े हुए कार्यकर्ता पार्टी के इस फैसले से अवाक है फ्रि हाल राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# जैन मिलन महिला चेतना द्वारा सभा का आयोजन



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जैन मिलन महिला चेतना द्वारा शनिवार को जैन धर्मशाला रेलवे रोड पर एक सभा आयोजित की गई। जिसे महावीर जन्मोत्सव एवं जैन मिलन के स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया।सभा का शुभारंभ महावीर स्वामी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। जिसकी अध्यक्षता वीरांगना नीरा द्वारा की गई। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष मंत्री का आभार प्रकट किया गया एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर प्रदीप जैन एडवोकेट द्वारा नई कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई गई। प्रिय देवांशी द्वारा बहुत सुंदर भक्ति नृत्य कराया गया, जिसे देखकर सब मंत्र मुग्ध हो गए। जिसके बाद जैन मिलन के पदाधिकारीयों का सम्मान एवं उद्बोधन हुआ। वीरांगना नीरा, उमंग, अर्चना,संध्या,वैशाली, वंदन आदि ने बहुत सुंदर पालना नृत्य प्रस्तुत किया। वीरांगना शालिनी, नमिता, ध्वनि, पायल आदि द्वारा बहुत सुंदर नाटिका महावीर जन्मोत्सव पर प्रस्तुत की गई, वीरांगना नीरा, वैशाली, सविता शिवलोक, शोभा, पूजा आदि उपस्थित रहीं।

# शिक्षावि' एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना को दूसरी बार मिला स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार




युरेशिया संवाददाता

जयपुर। शक्ति फिल्म प्रोडक्शन द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं कोष्स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार 2024ष् से वर्चुअल ऑनलाइन आयोजित समारोह के तहत सम्मानित किया गया। इस क्रम में राजस्थानी व हिंदी भाषा की साहित्यकार डॉ.कांता मीना को भी शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ.मीना की दो पुस्तकें काव्य संग्रह कैलाशी व कहानी संग्रह तरुशिखा व अनेक शोध पत्र प्रकाशित हों चुके हैं। व लगातार लेखन कार्य जारी है। इस सम्मान समारोह के लिए देशभर से सैकड़ों की तादाद में प्रविष्ठियां ऑनलाइन प्राप्त हुई , जूरीज द्वारा उत्कृष्ट एवं बेहतरीन कार्य के आधार पर प्राप्त प्रविष्ठियों में से 51 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। ये जानकारी शक्ति फिल्म प्रोडक्शन फाउंडर अंबालिका शास्त्री ने दी। डॉ.मीना शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए यूथ आइकॉन अवार्ड,समाज गौरव सम्मान,कोरोना योद्धा सम्मान,मानव सेवा योद्धा सम्मान,नगर निगम बीकानेर,स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय सम्मान,महिला शक्ति काव्य रत्न सम्मान,अखिल आदिवासी मीणा महासभा सहित अनेक संस्थाओं से सम्मानित हों चुकी हैं।

# श्री राम भक्त हनुमान जी छटी महोत्सव का आयोजन

युरेशिया संवाददाता



मेरठ।गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान शोभा यात्रा समिति रजि0 मेरठ ने सदर नया बाजार स्थित श्री हनुमान मन्दिर पर छटी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। जैसा कि आपको विदित है कि श्री हनुमान शोभा यात्रा समिति रजि0 मेरठ छावनी क्षेत्र में गत 33 वर्षों से विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन करती आ रही है। इसी क्रम में श्री हनुमान शोभायात्रा समिति (रजि0) मेरठ छावनी द्वारा आज रविवार को छटी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें शहर एवं छावनी क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। श्री हनुमानजी की भव्य आरती का आयोजन किया गया एवं कड़ी चावल का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक गजेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, महामंत्री पारस खंडूजा, कोषाध्यक्ष अनुभव जैन, विवेक गौड़, ललित अग्रवाल, सचिन गोयल, अनमोल बंसल, अंशुल गर्ग, दीपक सिंघल, अमित अग्रवाल, सूरज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जलालपुर रौजे ए हजरत कासिम में आयोजित होगी चार दिवसीय मजलिस

युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर जलालपुर। सराय चौक स्थित रौज -ए-हजरत कासिम में आयोजित होने वाली चार दिवसीय सालाना तब्लीगी मजलिस इस वर्ष 27,28,29 व 30 मई को होगी।छोटी दरगाह परिसर में हुसैनी वेलफेयर सोसायटी की बैठक में इसकी घोषणा की गई। समिति के संयोजक इब्ने अली जाफ्री ने बताया कि कमेटी की बैठक में पदाधिकारियों को मजलिस से सम्बंधित जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि पूर्वांचल में अपनी अलग सनाख्त रखने वाली सालाना तब्लीगी मजलिस इस बार एतिहासिक होगी।30 मई तक चलने वाली सालाना तब्लीगी मजलिस में




मौलाना सैयद गुलजार जाफ्री तारागढ़ अजमेर,मौलाना सैयद नामदार अब्बास दिल्ली, मौलाना हाफ्जि सैयद मोहम्मद रजा रिजवी दिल्ली, मौलाना वसी हसन खां, मौलाना रजी हैदर हैदरी मंगलौर उत्तराखंड के अलावा दर्जनों उल्मा व जाकिर मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के अंतिम दिन 30 मई को रात्रि में हुसैन-डे उत्सव का आयोजन होगा। जहां दर्जन भर से अधिक उलमा-ए-करआम व शायर अपने कलाम से कर्बला के शहीदों की जिंदगी पर रौशनी डालेंगे। कार्यक्रम के संयोजक इब्ने अली जाफ्री ने बताया कि कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए इसमें शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने व खान पान की व्यवस्था के लिए समितियों का गठन कर लिया गया है। बैठक में अमीर हैदर,कौसर अली, सिब्ते हसन, अली असगर,अली अकबर पतारे,सैफ अब्बास राजू,जाफ्रान,जाफ्र मेंहदी, मेंहदी रजा, जावेद आदि मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव में बीएसपी ने कमर हयात अंसारी को उतारा

युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर लोक सभा सीट से पहली बार बीएसपी ने मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर बड़ा दांव लगाया है। बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने अपने फार्मूले के तहत पार्टी काफी पुराने नेता कई बार जलालपुर नगर पालिका अध्यक्ष रहे मुस्लिम प्रत्याशी कमर हयात अंसारी पर दाव चला है। मीडिया के जरिए कमर हयात अंसारी ने बहन मायावती का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस सीट को जीतकर बहन मायावाती की झोली में डालने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बीएसपी सर्वजन हिताय सर्वजन




सुखाए पर विश्वास करती है जबकि अन्य पार्टियां वर्ग विशेष को ही साथ लेकर चलती हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वह आमजन मानस से जुड़ी सड़क पानी बिजली शिक्षा, रोजगार, आदि समस्याओं को दूर करने का काम करेंगे। अम्बेडकरनगर बुनकर बाहुल्य क्षेत्र यहां से कपड़ा बाहर छेत्र में भी जाता है, वह इस व्यवसाय को और भी बड़ावा देने का हर संभव प्रयास करेंगे। वहीं इस लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को प्रत्याशी बनाया है और बीजेपी ने रितेश पांडे को अब देखना होगा किस पार्टी के प्रत्याशी को अम्बेडकरनगर से जीत मिलती है। वहीं शिवबाबा मैदान पर रैली में बीएसपी के नेशनल कॉर्डिनेटर आकाश आनन्द ने कमर हयात अंसारी को जिताने की अपील करी।

# लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस डिपार्टमेंट में व्याख्यान का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा के प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग प्रो0 डॉ0 यू0 सी0 शर्मा ने 'लाइब्रेरी सर्विस फॉर वर्चुअल कालेज एण्ड यूनिवर्सिटी' विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कला एवं सामाजिक विज्ञान के डीन डॉ0 सुधीर त्यागी ने मुख्य वक्ता डॉ0 यू0 सी0 शर्मा एवं सभी शिक्षकों के साथ मिलकर किया। डॉ0 सुधीर त्यागी ने मुख्य वक्ता डॉ0 यू0 सी0 शर्मा का संक्षिप्त परिचय दिया। डॉ0 यू0 सी0 शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में वर्चुअल पुस्तकालयों द्वारा डिजिटल सूचना सेवा का मुख्य फोकस सही समय पर सही जानकारी सही स्थान पर सही प्रारूप में सही उपयोगकर्ताओं तक




पहुँचाना हैं। आधुनिक पुस्तकालयों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न संचार चौनलों के माध्यम से सूचना सेवाओं को डिजिटल प्रारूप में एकत्रित संगठित व संप्रेक्षित करना है ताकि उपयोगकर्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार उत्कृष्ट सेवाएं सुलभ करायी जा सकें व उन्हें दक्षतापूर्ण व्यक्तिगत व अनुदर्शी सेवाएं सुलभ करायी जा सके। उन्होंने बताया कि वर्चुअल ग्रंथालय विभिन्न प्रकाशकों व स्त्रोतों से प्राप्त पूर्ण पाठ-ई-पुस्तको पूर्ण पत्रिकाओं, डाटाबेस का संग्रहण है जिसे पुस्तकालयों के उपयोगकर्ता किसी भी समय इन्टरनेट के द्वारा अपने कम्प्यूटर, लैपटॉप व अन्य पोर्टेबल उपकरणों द्वारा उपयोग कर सकतें है। वर्चुअल पुस्तकालय बिना दीवारों का पुस्तकालय हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ0 सुधीर त्यागी ने बताया कि वर्चुअल लाइब्रेरी इन्टरनेट पर निर्मित एक लाइब्रेरी है जो कि भौतिक रूप में मौजूद नही है। उपयोगकर्ता इसके द्वारा दूरस्थ रूप से अपनी वाछिंत सूचना तक पहुँच सकते हैं जिससे उनके लिए भौतिक पुस्तकालय में उपस्थित हुए बिना अनुसंधान करना, अध्ययन करना व सीखना सुविधाजनक हो जाता हैं। एक वर्चुअल लाइब्रेरी विभिन्न प्रकार की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सामग्री जैसे, पाठयक्रम, शिक्षण सामग्री, पुस्तके, पत्रिकाएं व समाचार पत्र इत्यादि पारम्परिक रूप से पुस्तकालय और अन्य स्त्रोतों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं तक ऑनलाइन या सीडी रॉम आधारित पहुँच प्रदान करती है। अंत में डॉ0 सपना शर्मा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षकगण डॉ0 सुधीर त्यागी, डॉ0 जावेद खान, डॉ0 सपना शर्मा उपस्थित रहें सभी विद्यार्थियों ने प्रदत्त जानकारियों को जानने में विशेष रूचि दिखाई।

# चुनाव से निपटते ही मुम्बई निकले भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल, कोठी पर पसरा सन्नाटा



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। लोकसभा चुनाव में भाजपा के मेरठ- हापुड़ सीट पर मुम्बई से चुनाव लड़ने आए प्रत्याशी अरुण गोविल मतदान निपटने के तुरंत बाद शनिवार की सुबह मुम्बई के लिए रवाना हो गए। जिसके चलते चुनाव के दौरान गुलजार रहने वाली उस कोठी पर सन्नाटा पसर गया। जहां मुम्बई से मेरठ चुनाव लड़ने आए भाजपा के पैराशूट प्रत्याशी अरुण गोविल रुके हुए थे। हालांकि अरुण गोविल मुम्बई में किसी जरूरी काम का हवाला देते हुए मुम्बई के लिए रवाना हुए हैं। लेकिन मतदान के तुरंत बाद उनका इस तरह वापस जाना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दे कि भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल चुनाव के दौरान सर्कुलर रोड स्थित मुकुल सहरावत की कोठी नंबर 244 में अपनी पत्नी श्रीलेखा और परिवार के साथ रुके हुए थे। जोकि शनिवार की सुबह समय करीब 6:15 बजे परिवार सहित मुम्बई के लिए रवाना हो गए।

## बाहरी प्रत्याशी से कार्यकर्ता निराश सोमेंद्र तोमर को बताया पहली पसंद



लोकसभा चुनाव में भाजपा के द्वारा बाहरी प्रत्याशी अरुण गोविल को चुनावी मैदान में उतारने के बाद भाजपा के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत के साथ उन्हें चुनाव लड़ाया। जिनके चुनाव के दौरान पहली जनसभा को संबोधित करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ, रालोद सुप्रीमों चौधरी जयंत सिंह, अनुप्रिया पटेल, ओमप्रकाश राजभर सहित एनडीए गठबंधन में शामिल सभी दलों के दिग्गज मेरठ पहुंचे थे। और सीएम योगी आदित्यनाथ ने अरुण गोविल के चुनाव प्रचार के लिए मेरठ में विशाल रोड शो किया था। अरुण गोविल के प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा के किसी भी पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने मेरठ में मौजूद भाजपा के दिग्गज नेताओं को छोड़कर गोविल को टिकट देने का विरोध भी नहीं किया था। बल्कि पूरी मेहनत के साथ उन्हें चुनाव लड़ाया। लेकिन मतदान के दिन पोलिंग बूथों पर मौजूद कुछ कार्यकर्ताओं में निराशा देखने को मिली थी। जिनसे बातचीत के दौरान उनके अंदर यह निराशा देखने को मिली थी कि मेरठ में भाजपा के इतने उलझे हुए और कद्दावर नेताओं के होने के बावजूद बाहरी प्रत्याशी को चुनावी मैदान में उतार दिया। वहीं बूथ पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता का यह भी कहना था कि वैसे तो चुनाव जीत रहे हैं लेकिन अगर टिकट विधायक व राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर को दिया होता तो भाजपा इस बार मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भारी अंतराल से जीत दर्ज करती। जिनका कहना था कि सोमेंद्र तोमर जनपद मेरठ के उलझे हुए काबिल नेता हैं, और उत्तर प्रदेश में भाजपा के पास पूर्ण बहुमत 202 सीट की जगह 255 सीटों पर विधायक मौजूद है। अगर सोमेंद्र तोमर चुनाव लड़ते तो विधानसभा के बहुमत में भी कोई दिक्कत नहीं आती और लोकसभा चुनाव में भी भाजपा भारी अंतराल से जीत दर्ज करती।

# आईआईएमटी क्रिकेट स्टेडियम में हवन-पूजन आयोजित



## फ्लड लाइट में क्रिकेट प्रेमी ले सकेंगे नाइट क्रिकेट मैच का लुत्फ

युरेशियासंवाददाता

मेरठ। क्रिकेट के प्रेमी अब आईआईएमटी विश्वविद्यालय स्थित आईआईएमटी क्रिकेट स्टेडियम में नाइट क्रिकेट मैच खेलने का लुत्फउठा सकेंगे। फ्लड लाइट की दूधिया रोशनी में होने वाले मैचों में स्तरीय सुविधाएं क्रिकेट प्रेमियों को मिलेगी। शनिवार शाम को आईआईएमटी स्टेडियम में हनुमान चालीसा पाठ और हवन का आयोजन किया गया। आईआईएमटी समूह के चेयरमैन योगेश मोहनजी गुप्ता, श्रीमती सौरभ गुप्ता, एमडी डॉ मयंक अग्रवाल ने परिवार सहित हवन-पूजन में भाग लिया। ? चेयरमैन योगेश मोहनजी गुप्ता ने कहा की खेलों को बढ़ावा देने के लिए आईआईएमटी समूह सदा प्रयासरत रहता है। आईआईएमटी क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट प्रेमियों को फ्लड लाइट की दूधिया रोशनी में क्रिकेट मैच खेलने का अनूठा अनुभव प्राप्त होगा। इस अवसर पर निदेशक प्रशासन डॉ संदीप कुमार, वित्त नियंत्रक नीरज मित्तल, डीएसडब्लू डॉ नीरज शर्मा, डीन वरेंद्र सिंह पटियाल, अमित बंसल, डॉ संगीता, डॉ विजय प्रकाश, डॉ देवेश चौधरी, अविनाश सिंह चिब, ज्ञानप्रकाश, मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पूरे रीति रिवाजों से आध्यात्मिक नाम रखा





युरेशिया संवाददाता

पूर्णानंद घाट, जानकीपुल पर भारती सनातन धर्म द्वारा वैदिक पद्धति से नामकरण संस्कार यज्ञ कराया गया। पीतांबर धारण किए देश पोलैंड के पावेल क्वास्निविस्की धोती और जनेऊ पहन पूजन के दौरान सनातनी भाव में डूबे हुए नजर आए। विधि-विधान व दीक्षा की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पावेल क्वास्निविस्की ने बताया कि वे

आचार्य सोनिया राज ने कहा कि नामकरण संस्कार का व्यक्ति के जीवन



## वैदिक पद्धित से कराया नामकरण संस्कार यज्ञ शुद्धीकरण, मंत्रजाप और 'अपने पसंद का नाम रखा'
## देश पोलैंड के पावेल क्वास्निविस्की से वने पावेल कालिदास क्वास्निविस्की
## मां काली की शुरू की है पूजा
## नामकरण संस्कार से व्यक्तित्व पर पड़ता है- ज्योतिषाचार्य सोनिया राज

मां काली की शरण में जाने और उच्च साधना के लिए मंत्र की दीक्षा ली है। सनातन नाम रखने से उन्हें एक अलग शांति और ऊर्जा की अनुभूति हो रही है। पावेल क्वास्निविस्की ने आध्यात्मिक नाम अपनाने के बाद मां काली की पूजा करनी शुरू कर दी है। पावेल क्वास्निविस्की का दावा है कि सनातन धर्म अपनाकर वह बेहद खुश है और उसे किसी तरह का पछतावा नहीं है। बल्कि वह खुद पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वह गायों की रक्षा करने और उन्हें हत्या से बचाने की मुहिम से जुड़कर सेवा करना चाहते हैं। अब वह आगे का जीवन अपने गुरुदेव और सनातन धर्म की सेवा में लगाएंगे।

ज्योतिषाचार्य सोनिया राज ने दीक्षा दिलाई। आचार्य सोनिया राज ने उन्हें नया नाम भी दिया। पावेल क्वास्निविस्की अब पावेल कालिदास के नाम से पहचाने जाएंगे।

में बहुत प्रभाव होता है, इसलिए व्यक्ति का नाम बहुत सोच समझकर ही रखना चाहिए।

ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा कि सनातन धर्म की महत्ता इतनी है कि उसे मात्र चंद वाक्यों में समझा या बता पाना नामुमकिन है। भारत देश और सनातन धर्म एक दूसरे से बंधे हुए हैं। जहां एक ओर भारत देश बड़ी-बड़ी हस्तियों को अपनी ओर आकर्षित करता है तो वहीं, सनातन धर्म की पवित्रता देख कई बड़े सितारे खुद को इसमें लीन होने से नहीं हो पाते हैं। अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी पावेल क्वास्निविस्की से वने पावेल कालिदास को शुभकामना दी।

मोके पर आचार्य अभिनव पोखरियाल, देश पोलैंड पॉवेल अपनी माता जी संग एवं उनकी ख़ास मित्र ओला उनके इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक: संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोन: 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)